mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-04 अंक-152 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना
02 जून 2024 रविवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



युवा तेज ...

### संक्षिप्त समाचार

## सलमान की कार पर हमले का प्लान 4 लोग अरेस्ट

- पाकिस्तान से एके-47 मंगवा रहे थे

**मुंबई (एजेंसी)।** बॉलीवुड ऐक्टर सलमान खान पर एक बार फिर से हमला करने की कोशिश को मुंबई पुलिस ने नाकाम कर दिया है। नवी मुंबई पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह के चार लोगों को गिरफ्तार किया है जो पनवेल में सलमान की कार पर अटैक करने की प्लानिंग कर रहे थे। आरोपियों की पहचान धनंजय उर्फ अजय कश्यप, गौरव भाटिया उर्फ न्हाई, वासपी खान उर्फ वसीम चिकना और जीशान खान उर्फ जावेद खान के तौर पर हुई है। चारों के खिलाफ आईपीसी की धारा 115, 120



(ए), 506 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई, अनमोल बिश्नोई, गोल्डी बराड़ समेत कुल 18 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक चारों आरोपी अटैक करने के लिए पाकिस्तान से सप्लायर के जरिए हथियार मंगवाने की योजना बना रहे थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हमलावर एके-47,एफ-16 और एम-92 मंगवाने की कोशिश कर रहे थे। इन्होंने फार्म हाउस और कई शूटिंग स्पॉट्स की रेकी की थी। पुलिस को इनके मोबाइल से ऐसे कई विडियोज भी बरामद हुए हैं। इन चारों ने सलमान के घर की रेकी की थी।

## 'लू' से मौत पर योगी सरकार देगी चार लाख का मुआवजा

- लेखपाल समेत अन्य अधिकारियों को देनी होगी मौत की सूचना

नई दिल्ली (एजेंसी)। यूपी समेत देश के कई हिस्सों में भयानक गर्मी पड़ रही है। इसके साथ ही गर्म हवा भी चल रही है। जिसके वजह से बहुत से लोगों की मौत होने की भी खबर आई है। इसको लेकर यूपी सरकार ने घोषणा की है कि किसी व्यक्ति की लू से मौत होती है तो राज्य सरकार उसके परिवार को 4 लाख की सहायता राशि दी जाएगी। हालांकि मृत व्यक्ति का पोस्टमार्टम कराना जरूरी है। यूपी सरकार ने प्रदेश के लोगों के



लिए बड़ी घोषणा की है। सरकार ने कहा है कि अगर की व्यक्ति की मौत लू से होती है तो इसको लेकर मृतक के परिजनों को इलाके के एसडीएम, तहसीलदार, लेखपाल को मृत व्यक्ति की सूजना देनी होगी। इसके साथ ही मृत व्यक्ति के शव का पोस्टमार्टम भी कराना होगा। राजस्व विभाग पोस्टमार्टम कराने के बाद इसकी रिपोर्ट जिले के डीएम को भेजेगा। राजस्व विभाग द्वारा भेजी गई रिपोर्ट के आधार पर जिला प्रशासन संबंधित राशि जारी करेगा।

## खत्म हुआ 2024 का चुनाव

# अब नतीजों का इंतजार

- हिमाचल-झारखंड में जबरदस्त वोटिंग,ओडिशा-बिहार पिछड़े
- यूपी में वोट देने पहुंचे बुजुर्ग की मौत,बंगाल में जमकर बवाल



नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव-2024 के सातवें और अंतिम फेज में शनिवार को 7 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश की 57 सीटों पर वोटिंग संपन्न हो गई है। चुनाव आयोग के वोटर टर्नआउट एप के मुताबिक शाम तक 60 फीसदी से ज्यादा वोटिंग हो चुकी है। सबसे ज्यादा वोटिंग हिमाचल प्रदेश में और सबसे कम वोटिंग बिहार में हुई है। इसके अलावा ओडिशा में विधानसभा चुनाव के लिए कम वोटिंग हुई। 4 राज्यों की 9 विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव की वोटिंग संपन्न हो गई है। बलिया में वोट देने पहुंचे एक बुजुर्ग की पोलिंग बूथ पर मौत हो गई। डॉक्टरों का कहना है कि बुजुर्ग की मौत गर्मी की वजह से हुई। सातवें चरण में भी पश्चिम बंगाल से हिंसा की खबरें आई हैं। पश्चिम बंगाल के भांगर में सीपीएम (एम) और आईएफएस के कार्यकर्ताओं ने टीएमसी समर्थकों पर बम से हमले का आरोप लगाया है। वहीं राज्य के मुख्य निर्वाचन कार्यालय ने ट्वीट करके बताया कि जयनगर के बेनीमाधवपुर स्कूल के पास सेक्टर ऑफीसर से भीड़ ने रिजर्व ईवीएम और कागजात लूट लिए। मशीनों को तालाब में फेंक दिया गया।

लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण में यूपी की 13 सीटों पर वोटिंग संपन्न हो गई है। सबसे ज्यादा चंदौली में और सबसे कम सलेमपुर में वोटिंग हुई। गाजीपुर से सांसद अफजाल ने चुनाव आयोग से मतदाताओं को बूथ से भगाने का आरोप लगाया है। अफजाल ने कहा- बूथ संख्या 201 कमपोजिट स्कूल मूर्तजीपुर पर दबंगों ने मतदाताओं को डरा धमकाकर भगा दिया गया है। एकतरफा वोट डाले जा रहे हैं। सपा ने चुनाव आयोग से 7 घंटे में 80 से ज्यादा शिकायतें की हैं।

ज्यादातर शिकायतें ईवीएम से जुड़ी हुई हैं। गाजीपुर में गर्मी से दरोगा समेत 3 पुलिसकर्मी बेहोश हो गए। तीनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं, बलिया में वोट देने पहुंचे एक बुजुर्ग की पोलिंग बूथ पर मौत हो गई। वह मतदान करने के लिए लाइन में लगा था, तभी वह बेहोश होकर गिर पड़ा। थोड़ी देर में उसने दम तोड़ दिया। डॉक्टरों का कहना है कि बुजुर्ग की मौत गर्मी की वजह से हुई।

## पुणे पोर्श केस में अब नाबालिग आरोपी की मां गिरफ्तार

- बेटे से ब्लड सैंपल बदलने का आरोप, पुलिस ने नाबालिग से पूछताछ की

**पुणे (एजेंसी)।** पुणे पोर्श कार केस में नाबालिग आरोपी की मां शिवानी अग्रवाल को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुणे पुलिस कमिश्नर अमितेश कुमार ने शनिवार (1 जून) को बताया कि महिला को देर रात अरेस्ट किया गया है। शिवानी पिछले कुछ दिनों से घर से गायब थीं। उन पर बेटे का ब्लड सैंपल बदलवाने के लिए अपना ब्लड सैंपल देने और डॉक्टरों को पैसे देने का आरोप है। पुलिस ने कोर्ट में



बताया था कि नाबालिग आरोपी का ब्लड सैंपल किसी महिला के सैंपल से बदला गया था, ताकि ये दिखाया जा सके कि घटना के वक्त वह नशे में नहीं था। यह महिला और कोई नहीं, आरोपी की मां ही थी। पुणे के कल्याणी नगर इलाके में 18-19 मई की रात 17 साल 8 महीने के एक लड़के ने ए सेक्टर में काम करने वाले बाइक सवार युवक-युवती को टक्कर मारी थी, जिससे दोनों की मौत हो गई।

# गर्मी का 'आतंक', 4 दिन में 320 की मौत

- इनमें 25 चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारी-अधिकारी

### दिल्ली समेत 14 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट जारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में गर्मी और हीटस्ट्रोक से पिछले चार दिन में 320 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। पिछले तीन दिनों में उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा करीब 100 लोगों की जान गई है। बिहार में पिछले 3 दिनों में हीटवेव से 69 लोगों की मौत हुई। यूपी-बिहार में शुक्रवार को करीब 40 लोगों की मौत की खबर है। इनमें 25 लोकसभा चुनाव की ड्यूटी में लगाए गए कर्मचारी और अधिकारी हैं। पिछले 4 दिन में राजस्थान में गर्मी के चलते 60, झारखंड में 37, ओडिशा में 18, मध्य प्रदेश में 2 और दिल्ली में एक व्यक्ति की मौत हुई। झारखंड के अस्पतालों में 1,326 लोग भर्ती हैं। कई स्थानों पर हीटस्ट्रोक से जुड़े वार्ड में जगह नहीं बची है। शुक्रवार को यूपी के मिर्जापुर में एक जून को मतदान के लिए पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जा रहा था। इस दौरान दोपहर में अचानक होमगार्ड, सिपाही, पीएसी के जवान और पैरामिलिट्री के जवान बेहोश होने लगे। कुछ पोलिंग पार्टी के साथ मतदान केंद्र पर पहुंचकर बेहोश हो गए। आईएमडी के मुताबिक, शुक्रवार को कानपुर में देश का सबसे ज्यादा तापमान 48.2 डिग्री दर्ज किया



गया। वहीं, हरियाणा का सिरसा दूसरे नंबर पर रहा, यहां पारा 47.8 डिग्री रहा। दिल्ली के आयानगर का पारा 47 डिग्री दर्ज किया गया। शनिवार को राजस्थान, यूपी, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, ओडिशा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश और हिमाचल में हीटवेव का अनुमान है।

## शाह ने राजकोट अग्निकांड को लेकर की बैठक

### कोर्ट ने चार आरोपियों को 12 दिन की रिमांड पर भेजा

**राजकोट (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को छोटे से प्रवास पर राजकोट पहुंचे। यहां उन्होंने 'राजकोट गेम जोन' अग्निकांड हादसे को लेकर नगरीय निकाय और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक की। अधिकारियों के साथ उनकी यह बैठक उनके सोमनाथ रवाना होने से पहले दोपहर को राजकोट के हवाई अड्डे पर हुई, इसके बाद वे वेरावल जिले के प्रभास पाटन में स्थित सोमनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए निकल गए। इसी मामले में गुरुवार को गिरफ्तार 4 अधिकारियों को अदालत ने 12 दिन की रिमांड पर भेज दिया।

## एग्जिट पोल में 'एनडीए' बम-बम, हर ओर लहर

# सच होगा मोदी का नारा

### 5 एग्जिट पोल में एनडीए 350 पार, इंडिया को 125 से 150 सीटें

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मतदान संपन्न हो चुका है। अब एग्जिट पोल के परिणाम सामने आ गए हैं। एग्जिट पोल के नतीजों पर गौर करें तो बीजेपी ने 2019 की तुलना में अपने वोट शेयर और सीटों की संख्या में इजाफा करती दिख रही है। इतना ही नहीं, अगर एग्जिट पोल के परिणाम फाइनल नतीजे में बदलते हैं तो एनडीए इस चुनाव में पीएम मोदी के द्वारा दिए गए नारे अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को हासिल करता दिख रहा है। लोकसभा चुनाव के सातों फेज की वोटिंग खत्म, नतीजे 4 जून को आएंगे लेकिन उससे पहले तमाम न्यूज चैनलों और एजेंसियों के एग्जिट पोल आ गए हैं। 5 एग्जिट पोल में एनडीए को 350 से ज्यादा तो इंडिया को 125 से 150 सीटें मिलने का अनुमान है। अगर गठबंधन की बात करें तो एनडीए दो तिहाई बहुमत के साथ सरकार बनाता दिख रहा है। एनडीए के खाते में 367-403 सीटें जाती दिख रही हैं। वहीं, इंडिया गठबंधन को 129-161 सीटों से संतोष करना पड़ सकता है। अन्य के खाते में महज 7-18 सीटें जा रही हैं। एग्जिट पोल के पूर्वानुमान के मुताबिक, बीजेपी को अकेले 318-342 सीटें जाती दिख रही हैं। कांग्रेस को 53-66 सीटों पर ही संतोष करना पड़ सकता है। वहीं, पश्चिम बंगाल में अपने दम पर चुनाव लड़ रही टीएमसी को 19-23 सीटें मिल रही हैं। डीएमके का भी कुछ ऐसा ही हाल है। उसे 18-22 सीटें मिलने की संभावना है। टीडीपी के हिस्से 13-16 सीटें जाती दिख रही हैं। एग्जिट पोल के पूर्वानुमान के मुताबिक, देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में एनडीए के खाते में 58-66 सीटें जा रही हैं।



## आरोपों-विवादों के बीच पीएम मोदी की ध्यान साधना पूरी

- विवेकानंद रॉक मेमोरियल में 3 दिन रहे; सूर्य को अर्ध्य दिया, ध्यान मंडपम की परिक्रमा की

**कन्याकुमारी (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने कन्याकुमारी के विवेकानंद रॉक मेमोरियल में 45 घंटे की ध्यान साधना की। वे 30 मई की शाम को कन्याकुमारी पहुंचे थे। उन्होंने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के सामने ध्यान लगाया। उन्होंने विवेकानंद शिला के पास स्थित तमिल कवि तिरुवल्लुवर की 133 फीट ऊंची प्रतिमा के दर्शन किए। उन्हें नमन किया। इसके बाद वे दोपहर 3 बजे विवेकानंद रॉक मेमोरियल से बाहर निकले। शनिवार (1 जून) को ध्यान का तीसरा दिन था। आज सूर्योदय के समय मोदी ने सूर्य को अर्ध्य दिया। ध्यान मंडपम की परिक्रमा की। आज की तस्वीरों में मोदी रुद्राक्ष की माला



जपते, ध्यान मंडपम के कॉरीडोर में बैठे और स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा को नमन करते दिखाई दिए।

## हरियाणा कांग्रेस में चुनाव नतीजों से पहले हलचल

- प्रदेश प्रभारी ने अपने सभी 9 कैंडीडेट को किया तलब

चंडीगढ़ (एजेंसी)। बीजेपी में जहां पिछले चार दिनों से लोकसभा चुनाव पर मंथन चल रहा है, वहीं प्रदेश की छह सीटों पर भितरघात की शिकायतों के चलते कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया ने भी दिल्ली में बैठक बुलाई है। इस बैठक में पार्टी के सभी नौ प्रत्याशियों को बुलाया गया है। वे चुनाव के संबंध में अपनी-अपनी रिपोर्ट देंगे। इस बैठक में पार्टी के अध्यक्ष उदयभान और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी मौजूद रहेंगे। प्रदेश की नौ लोकसभा सीटों पर कांग्रेस ने पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ा है। सिरसा में कुमारी सैलजा को छोड़कर बाकी आठ लोकसभा सीटों पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की पसंद के उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा। हालांकि, शुरू में कुछ उम्मीदवारों को हल्का बताया गया, लेकिन चुनाव आते ही कांग्रेस प्रत्याशी मजबूत हो गए। नतीजों को कांग्रेस अपने पक्ष में मानकर चल रही है।

## भारत को डर-गलत हाथों में जा रहे देश के हथियार

- दावा-वेपन्स के एसपोर्ट पर निगरानी के आदेश, रिपोर्ट में कहा था भारतीय हथियार यूक्रेन पहुंचे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रक्षा मंत्रालय भारत से बनकर एक्सपोर्ट होने वाले हथियारों की निगरानी बढ़ा रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक डिफेंस मिनिस्ट्री ने हथियार बनाने वाली प्राइवेट कंपनियों से चेतावनी जारी कर कहा है कि वो इस बात पर कड़ी निगरानी रखें की उनके हथियार कहां पहुंच रहे हैं। दरअसल, ऐसा करने की नौबत उन मीडिया रिपोर्ट्स के बाद आई है, जिनमें दावा किया गया था कि भारत के हथियार गलत हाथों तक पहुंच रहे हैं। यूरेशियन टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक साल की शुरुआत में कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि भारत में बने 155 एमएम आर्टिलेरी शेल्स का इस्तेमाल यूक्रेन में हो रहा है। जबकि विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया था कि भारत की तरफ से किसी भी तरह के हथियार यूक्रेन में नहीं भेजे गए हैं।

# जमीन खाली कर दो, वरना जबरन कराएंगे

- भारतीय क्रिकेटर पूनम यादव को मिली बड़ी धमकी
- क्रिकेटर बोलीं-मैंने जिंदगी भर की कमाई लगा दी है

**आगरा (एजेंसी)।** आगरा में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी और अर्जुन अवार्डी पूनम यादव को धमकी मिली है। उन्होंने कमिश्नर से लिखित शिकायत की। कहा- उनकी जमीन पर भू-माफिया कब्जा करना चाहते हैं। धमकी दे रहे हैं कि जमीन खाली कर दो, वरना जबरन कराई जाएगी। पूनम आगरा के सैनिकपुरम में रहती हैं। उन्होंने बताया कि कुंडौल में 703 वर्ग मीटर जमीन कपिल कुमार से खरीदी थी। अब भू-माफिया इस जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। खुद को लेखपाल बताते हुए भूपेंद्र सिंह नाम के एक युवक ने फोन करके उनको धमकी दी। कमिश्नर ने 10 दिन में जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। क्रिकेटर पूनम यादव ने बताया कि अपनी जिंदगी भर की कमाई को उन्होंने इस जमीन को खरीदने में लगा दिया। 2 साल पहले करीब सवा करोड़ रुपए में जमीन खरीदी थी। अब अचानक से उस जमीन के दाम



बढ़ गए तो कुछ लोग इस पर कब्जा करना चाहते हैं।

कमिश्नर रितु माहेश्वरी से शिकायत की थी, लेकिन उनकी ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके चलते ही क्षेत्रीय लेखपाल समेत भू-माफिया के हौसले बुलंद हो गए। 2 दिन पहले अचानक नायाब तहसीलदार व लेखपाल का फोन आया कि जमीन की पैमाइश कराने के लिए आ जाइए। वो कानपुर में थीं। 31 मई को उनके घर पर 29 मई की तारीख का नोटिस पहुंचा। इसमें 30 मई को जमीन पर पैमाइश के लिए उपलब्ध रहने को कहा गया था। उनका आरोप है कि उनकी जमीन पर कब्जा कराने में तहसील के लोग भू-माफिया का साथ दे रहे हैं। उनकी कहीं सुनवाई नहीं हो रही है। वो काफी डरी हुई हैं। पूनम यादव ने कमिश्नर रितु माहेश्वरी को लिखित शिकायत दी है कि कुंडौल में उन्होंने 703 वर्ग मीटर जमीन कपिल कुमार से खरीदी थी।

## फ्लाइट में बम होने का शक मुंबई में इमरजेंसी लैंडिंग

- एक हफ्ते में इंडिगो एयरलाइन में बम से जुड़ा ये दूसरा मामला

**मुंबई (एजेंसी)।** चेन्नई से मुंबई जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट में शनिवार को बम होने का शक हुआ। इसके बाद मुंबई एयरपोर्ट पर इमरजेंसी डिक्लेयर करके लैंडिंग कराई गई। इसमें 172 पैसेंजर्स थे। फिलहाल, फ्लाइट में तलाशी ली जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फ्लाइट नंबर 6ए-5314 आज सुबह करीब 6.50 बजे चेन्नई से रवाना हुई थी। मुंबई जाने के दौरान इसमें एक लावारिस रिमोट मिला। इसके बाद पायलट ने मुंबई एयर ट्रैफिक कंट्रोल को सूचना दी और इमरजेंसी लैंडिंग की इजाजत मांगी। मुंबई एयरपोर्ट पर सुबह 8.45 बजे फ्लाइट की लैंडिंग हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल के गौरव दिवस पर दीं शुभकामनाएँ

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजधानी भोपाल के गौरव दिवस के अवसर पर नागरिकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 1949 में 1 जून को भोपाल रियासत का विलीनीकरण हुआ था। विलीनीकरण आंदोलन में अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले अमर शहीदों , बलिदानियों के कारण ही भोपाल को उज्ज्वल भविष्य प्राप्त हो सका। इन सभी का योगदान अविस्यरणीय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल ने विकास के अनेक आयाम देखे हैं। मध्यप्रदेश की राजधानी के विकास में सभी वर्गों ने सहयोग दिया है। स्वच्छता और हरियाली भोपाल की पहचान बनी है। भोपाल को भारत की श्रेष्ठ राजधानियों में शामिल करना राज्य सरकार का उद्देश्य भी है। इस दिशा में अनेक महत्वपूर्ण कदम भी उठाए गए हैं। हम सभी संकल्पित होकर भोपाल की स्वच्छता, सौंदर्यीकरण एवं प्रगति के प्रयासों में पूर्ण सहभागी होंगे।

### भोपाल गैस त्रासदी पीड़ित ई-केवायसी करवाकर आयुष्मान कार्ड प्राप्त करें

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** गैस राहत एवं पुनर्वास विभाग द्वारा गैस पीड़ितों को आयुष्मान पोर्टल से ई-केवायसी कराने के बाद कार्ड वितरित किये जा रहे हैं। विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार 31 मई 2024 की स्थिति में 23 हजार 296 में से 13 हजार 383 गैस त्रासदी पीड़ित आयुष्मान कार्ड प्राप्त कर चुके हैं। बताया गया है कि शेष सत्यापित भोपाल गैस त्रासदी पीड़ित आवश्यकतानुसार आयुष्मान पोर्टल से ई-केवायसी करवाकर आयुष्मान कार्ड प्राप्त कर सकते हैं। गैस राहत विभाग द्वारा शेष गैस पीड़ितों के संकलन और सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। जानकारी सत्यापन के बाद पीड़ितों के कार्ड जल्द ही बनाये जा सकेंगे।

### राज्यपाल श्री पटेल ने बच्चों संग मनाया जन्म दिन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने अपना जन्म दिन बच्चों के संग मनाया। उन्होंने राजभवन मंदिर प्रांगण में बच्चों के साथ समय व्यतीत किया। बच्चों को दुलार और स्नेह के साथ मिष्ठान का वितरण किया। जन्म दिवस पर श्री पटेल ने राजभवन परिसर स्थित मंदिर में विधिवत् पूजन-अर्चन किया। राजभवन की गौशाला पहुँच कर गोमाता का पूजन किया। गोमाता को गुड़ और हरा चारा खिलाया। राजभवन परिसर में शमी, बरगद और पीपल के पौधों का रोपण किया। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने राजभवन के जवाहर खण्ड स्थित कार्यालय में राजभवन के अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भोपाल, रेड क्रॉस भोपाल, ब्रह्मकुमारी बहनों और विश्वविद्यालयों के पदाधिकारियों ने भी भेंट की। सभी ने राज्यपाल श्री पटेल को जन्म दिवस की शुभकामनाएं और बधाइयां देकर उनके दीर्घायु जीवन की मंगल कामनाएं की।

### छिंदवाड़ा लोकसभा के लिए तीन केंद्रीय प्रेक्षक नियुक्त

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** छिंदवाड़ा लोकसभा के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने काउंटिंग के लिए तीन केंद्रीय प्रेक्षकों की नियुक्ति की है। श्री डीपी चौहान, श्री दुशमंता कुमार बेहरा,मुनीर उल इस्लाम को केंद्रीय प्रेक्षक बनाया गया है। 125 सौसर, 126 छिंदवाड़ा में श्री डीपी चौहान; 122 जुन्नारदेव, 123 अमरवाड़ा के लिए श्री दुशमंता कुमार बेहरा; तथा 124 चौराई, 127 परासिया, 128 पांढुर्णा के लिए मुनीर उल इस्लाम को केंद्रीय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है।

### नगर निगम ने शहर में 10 नागरिक सुविधा केंद्रों को बंद किया

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे 10 नागरिक सुविधा केंद्र बंद कर दिए गए हैं। इस संबंध में अपर आयुक्त टीना यादव ने आदेश जारी किया है, जिसमें उल्लेखित किया गया है कि जो काम नागरिक सुविधा केंद्र से होते थे, वे सारे काम अब वार्ड और जोन स्तर पर हो रहे हैं, लिहाजा अतिरिक्त तौर पर खोले गए नागरिक सुविधा केंद्र अब प्रासंगिक नहीं हैं। ऐसे में इन्हें बंद कर संबंधित कर्मचारियों को उन्हीं जोन में सेवा के लिए संबंद्ध किया जा रहा है। इस आदेश के बाद अब प्रत्येक नागरिक केंद्र में काम करने वाले चार दैनिक वेतनभोगी संबंधित जोन कार्यालय में अपनी सेवाएं देंगे। हालांकि अचानक लिए गए इस फैसले पर सवाल उठने लगे हैं। गौरतलब है कि नागरिक सुविधा केंद्रों के संबंध में टीम एक्टिविस्ट के नितिन सक्सेना ने सन् 2020 में निगम को इनकी अनुपयोगिता के संबंध में जागरूक किया था। इनके इस सुझाव पर अमल किए जाने पर टीम एक्टिविस्ट ने निगमायुक्त हरेंद्र नारायन का आभार व्यक्त किया है। नागरिक सुविधा केंद्र की शुरुआत साल 2011-12 में हुई। पहले दौर में चार सुविधा केंद्र खोले गए।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने भोपाल के पुरानी केंद्रीय जेल स्थित मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (मध्यप्रदेश) श्री अनुपम राजन ने 1 जून को भोपाल के पुरानी केंद्रीय जेल स्थित मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने तेज गर्मी के मद्देनजर मतगणना स्थल पर कूलर, पंखे, ठंडा पानी, मेडिकल किट, एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत 4 जून को भोपाल लोकसभा क्षेत्र में जिले की 7 विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना होगी। श्री राजन ने विधानसभावार बनाए गए मतगणना कक्षों में जाकर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था को भी देखा। मतगणना टेबल, मतगणना कार्य में संलग्न अधिकारी/कर्मचारियों की संख्या तथा सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। साथ ही कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। मतगणना स्थल परिसर में रूके हुए निर्वाचन अभ्यर्थियों के प्रतिनिधि से चर्चा की। प्रतिनिधियों ने स्ट्रांग



रूम की सुरक्षा व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। सीसीटीवी से स्ट्रांग रूम की मॉनीटरिंग संबंधी व्यवस्था को देखा। उन्होंने मीडिया सेंटर में टीवी, कम्प्यूटर, इंटरनेट, पानी, कूलर आदि की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। श्री राजन ने बताया कि 4 जून को प्रदेश के सभी 29 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से मतगणना कराने की तैयारी पूरी कर ली गई है। मतगणना के दौरान सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। मतगणना के बाद भी शांति बनाए रखने के लिए सुरक्षा के समुचित प्रबंध किए गए हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकार श्री राजन ने बताया कि 4 जून को होने वाली मतगणना के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मध्यप्रदेश में 116 मतगणना प्रेक्षक नियुक्त किए गए हैं। ये प्रेक्षक अन्य राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी हैं। इनकी निगरानी में मतगणना की प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी। मतगणना सुबह 8 बजे से शुरू होगी। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी भोपाल श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने मतगणना को लेकर की जा रही तैयारियों को बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## पांच की जगह दो वर्ष की सेवा पूरी कर पीजी या सुपरस्पेशियलिटी, अध्ययन के लिए जा सकेंगे डॉक्टर

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्रदेश में डॉक्टरों की कमी को देखते हुए सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। अब दो वर्ष की सेवा यानी परिवीक्षा अवधि पूरी करने के बाद ही स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के डॉक्टर एमडी-एमएस (पीजी) या सुपरस्पेशियलिटी (डीएम या एमसीएच) की पढ़ाई के लिए जा सकेंगे। शर्त यह रहेगी कि अध्ययन पूरा करने पर उन्हें सरकार द्वारा निर्धारित अस्पताल में कम से कम पांच वर्ष सेवा देना होगी। ऐसा नहीं करने पर उन्हें बंधपत्र की शर्त के अनुसार 50 लाख रुपये सरकार को देना होगा।



स्वास्थ्य संचालनालय ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग के नियम हैं कि कोई भी शासकीय सेवक पांच वर्ष की सेवा पूरी करने के बाद ही एक बार अध्ययन अवकाश के लिए जा सकता है। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला से कुछ डॉक्टरों ने बताया था कि पांच वर्ष के पहले अध्ययन अवकाश की अनुमति नहीं मिल पाने के कारण डॉक्टर नौकरी जाने के डर से आगे की पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। दूसरी ओर कुछ डाक्टर त्यागपत्र देकर चले जाते हैं, इस कारण डॉक्टरों की कमी हो रही है। इसके बाद शुक्ला ने विभाग के बड़े अधिकारियों से इस पर विचार कर हल निकालने के लिए कहा था। नई व्यवस्था में दो वर्ष की सेवा की परिवीक्षा अविध के दौरान अध्ययन अवकाश पर जाने वाले डॉक्टरों की सेवा समाप्ति की जाएगी। अभी तक यह व्यवस्था थी कि पांच वर्ष की सेवा के पहले डाक्टर त्यागपत्र देकर अवकाश पर जाएंगे। ऐसे में अधिकतर डॉक्टर बिना त्यागपत्र दिए ही अध्ययन के लिए चले जाते थे। जब तक उनकी सेवा समाप्ति नहीं की जाती थी तब तक वह पद भरा रहता था। इस कारण उस पद के विरुद्ध भर्ती भी नहीं हो पा रही थी।

## छिंदवाड़ा और राजगढ़ सीट को लेकर कांग्रेस ज्यादा सतर्क

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्य प्रदेश की छिंदवाड़ा और राजगढ़ लोकसभा सीट को लेकर कांग्रेस ज्यादा सतर्क है। छिंदवाड़ा से पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ के पुत्र नकुल नाथ दूसरी बार चुनाव मैदान में हैं। यहां कमल नाथ की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है। कांग्रेस का गढ़ रही इस सीट को जीतने के लिए भाजपा ने भी काफी जोर लगाया है। इसी तरह राजगढ़ सीट पर भी पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के प्रत्याशी होने के कारण कांग्रेस पूरी सतर्कता बरत रही है।

कांग्रेस ने मतगणना में गड़बड़ी की आशंका जताने के साथ ही इन दोनों सीटों के लिए विधानसभावार प्रभारी तैनात रहेंगे। बता दें, भाजपा ने इन दोनों सीटों पर जीत के लिए कांग्रेस को घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दोनों सीटों पर सभाएं व रोड शो किए हैं। मध्य प्रदेश की 29 लोकसभा सीटों में से छिंदवाड़ा कांग्रेस का गढ़ है। पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने यहां से नौ बार चुनाव जीते। अब उनके पुत्र नकुल नाथ यहां से सांसद हैं और इस बार पार्टी ने फिर उन्हें चुनाव लड़ाया पर वास्तव में यह चुनाव कमल नाथ ने ही लड़ा। भाजपा ने इस सीट को जीतने के लिए न केवल अपने वरिष्ठ नेताओं को भेजा बल्कि बूथ स्तर पर जमावट की। अमरवाड़ा से कांग्रेस के विधायक कमलेश शाह, महापौर विक्रम अहाके, पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना समेत कई कमल नाथ समर्थकों ने भाजपा की सदस्यता ली। पार्टी यहां मतगणना को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरत रही है। चुनाव आयोग से संबंधित कार्यों के प्रभारी जेपी धनोपिया का कहना है कि छिंदवाड़ा का प्रशासन भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है। मतगणना में गड़बड़ी हो सकती है इसलिए कलेक्टर शीलेंद्र सिंह को हटाने और विशेष प्रेक्षक तैनात करने की मांग की है। प्रभारी भी बनाए हैं। यही स्थिति राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र को लेकर भी है। यहां से 33 वर्ष बाद पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने चुनाव लड़ा है। यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सभा की थी। दिग्विजय सिंह का मुकाबला भाजपा के दो बार के सांसद रोडमल नागर से है। यहां पार्टी ने दिग्विजय सिंह को घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ी। मतगणना को लेकर वे भी अतिरिक्त सतर्कता बरत रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता कुणाल चौधरी का कहना है कि भाजपा ने जिस प्रकार से चुनाव में प्रशासन का उपयोग किया, उसे देखते हुए छिंदवाड़ा, राजगढ़, गुना, उज्जैन समेत अन्य लोकसभा क्षेत्रों में मतगणना के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है।

## मंत्रालय में ई-आफिस व्यवस्था होगी लागू, लेकिन मुख्यमंत्री और मंत्रियों के लिए मैन्युअल ही चलेगी फाइलें

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मंत्रालय में ई आफिस व्यवस्था होगी लागू, लेकिन मुख्यमंत्री और मंत्रियों के लिए मैन्युअल ही चलेगी फाइलें। मंत्रालय में अब ई आफिस व्यवस्था लागू होगी। ई- फाइलों के माध्यम से ही शासकीय कामकाज होंगे। मैन्युअल फाइल की व्यवस्था को पूरी तरह से बंद करने की तैयारी की जा रही है। हालांकि मुख्यमंत्री और मंत्रियों के लिए मैन्युअल फाइलों की व्यवस्था पूर्व की तरह यथावत रहेगी। ऐसा इसलिए क्योंकि मुख्यमंत्री और मंत्रियों के हस्ताक्षर की कापी कर इसका दुरुपयोग न किया जा सके। लेकिन अधिकारियों के टेबल पर फाइलों के अंबार वाली



व्यवस्था बंद की जाएगी। केवल आनलाइन फाइलें सिस्टम से जनरेट होगी और ई हस्ताक्षर से ही जारी की जाएगी। इसी तरह मध्य प्रदेश कैबिनेट के लिए बनने वाले प्रस्ताव भी आनलाइन तैयार होंगे। पिछले दिनों सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव मनीष रस्तोगी ने बैठक कर अधिकारियों को इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी कर स्पष्ट कर दिया है कि शासकीय कार्य ई फाइलों की माध्यम से ही किया जाए। वल्लभ भवन मंत्रालय में आगंतुकों के प्रवेश के लिए ई-पास जारी किए जाएंगे। इसके लिए वेबसाइट पहले से ही बनी हुई है, जिसके माध्यम से वे ई-पास के लिए आवेदन कर कर मंत्रालय में प्रवेश के लिए पास बनवाए जा सकेंगे। इसमें पास के लिए कतार में लगने की आवश्यकता नहीं होगी। आगंतुक द्वारा अपने मोबाइल से ही आवश्यक दस्तावेज फुलफिल कर पास के लिए आवेदन किया जाएगा। दस्तावेजों की आनलाइन जांच के बाद आनलाइन ई-पास जारी किए जाएंगे। इसके लिए पास बनाने वाले स्टाफ को प्रशिक्षित भी किया जाएगा। जिस विभाग के लिए पास जारी होगा केवल उसी विभाग में जाने की अनुमति मिलेगी। मंत्रालय में प्रवेश करने वाले जनप्रतिनिधियों और आमजन से शिष्टाचार का सुरक्षा कर्मियों एवं मंत्रालय के अन्य स्टाफ को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

## मंदिर की 70 एकड़ वन भूमि पर हो गया अतिक्रमण, दो वन अधिकारी निलंबित

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मैहर की 70 एकड़ वन भूमि में अतिक्रमण हो गया। वन भूमि पर कालोनी, कालेज, आवासीय कालोनी, अस्पताल, बाजार आदि का निर्माण कर लिया गया, लेकिन वन विभाग को 22 साल बाद कार्रवाई की याद आई। इतने लंबे समय तक डीएफओ से लेकर तमाम बड़े अधिकारी यहां पदस्थ रहे। अब जाकर मामले में प्रभारी उप वनमंडलाधिकारी यशपाल मेहरा, वन परिक्षेत्र अधिकारी सतीशचंद्र मिश्रा को निलंबित कर कार्रवाई पूरी कर दी गई। वन मंडल सतना के वन परिक्षेत्र मैहर के अंतर्गत मैहर सीमेंट औद्योगिक संस्था के लिए 193.1867 हेक्टेयर वन भूमि वर्ष 1975 में 99 वर्ष की अवधि के लिए मध्य प्रदेश शासन द्वारा औद्योगिक संस्था को स्वीकृत की गई। संस्था द्वारा स्वीकृत भूखंड सीमा से बाहर वनभूमि के वन कक्ष पी-555 में रकबा 27.9 हेक्टेयर अर्थात लगभग 70 एकड़ में कालोनी, कालेज, आवासीय कालोनी, अस्पताल, बाजार आदि का निर्माण कर वन भूमि में अतिक्रमण कर लिया गया। प्रकरण में 24 फरवरी 2024 को वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। वन विभाग ने जांच में पाया कि अतिक्रमण कर अवैध निर्माण वर्ष 2002 से किया गया। इस अतिक्रमण के संबंध में जिले में पदस्थ अधिकारियों द्वारा तत्समय कोई कार्रवाई नहीं की गई। शासन ने माना कि अधिकारियों द्वारा अतिक्रमण एवं वन अपराधों की रोकथाम के संबंध में त्वरित कार्रवाई नहीं कर शासन निर्देशों की अवहेलना कर अपने कर्तव्यों का पालन नहीं किया गया। इस मामले में प्रभारी उप वनमंडलाधिकारी यशपाल मेहरा, वन परिक्षेत्र अधिकारी सतीश चंद्र मिश्रा को निलंबित किया गया है।

## 40 जिलों में नहीं है सीडब्ल्यूसी, न्याय के लिए भटक रहे हैं नौनिहाल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्रदेश के 40 जिलों में बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) एवं किशोर न्याय बोर्ड नहीं होने से नाबालिग बच्चों के पुनर्वास और कल्याण के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। जरूरतमंद बच्चों के विकास, पुनर्वास, सुरक्षा और संरक्षण के लिए जिला स्तर पर सीडब्ल्यूसी का गठन किया जाता है। ऐसे में समिति के अस्तित्व में न रहने पर प्रदेश के सैकड़ों बच्चे इससे प्रभावित हो रहे हैं। कई मामलों में जल्द निपटारा न होने के कारण भी बच्चे परेशान हो रहे हैं। इसके अलावा दूसरे जिलों से आए बच्चों को आश्रयगृह और उनके गृह जिले में भेजने में भी देरी होती है। इसके लिए पिछले साल सितंबर एवं इस साल जनवरी में नियुक्ति के लिए विज्ञापन भी जारी किए,



लेकिन अभी तक नियुक्ति नहीं हो पाई हैं। अधिकारी इसकी बड़ी वजह विधानसभा फिर लोकसभा चुनाव के कारण लगी आचार संहिता को बताते हैं। किशोर न्याय अधिनियम 2015 के तहत हर जिले में न्यूनतम एक बाल कल्याण समिति अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। कई मामलों में जल्द निपटारा न होने का कारण भी यही है। इसके अलावा दूसरे जिलों से आए बच्चों को आश्रयगृह और उनके गृह जिले में भेजने में भी देरी होती है। जुवेनाइल जस्टिस एक्ट के मुताबिक, समिति का कार्यकाल समाप्त होने के छह माह पूर्व ही अगली समिति के गठन की प्रक्रिया शुरू हो जानी चाहिए थी, लेकिन यह हो नहीं पाया। किशोर न्याय बोर्ड एवं सीडब्ल्यूसी रिक्त पदों के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जनवरी में विज्ञापन जारी कर आवेदन मंगवाए थे, लेकिन समिति गठित नहीं हुई है। मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष दविंद्र मोरे की ओर से दो माह पहले महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र भेजा गया था। इसमें कार्य कर रही सीडब्ल्यूसी एवं शासकीय कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपने की बात कही गई थी, लेकिन लोकसभा चुनाव के कारण आचार संहिता प्रभावी होने के कारण समिति गठित नहीं की गई। जिन जिलों में सीडब्ल्यूसी नहीं है, उन जिलों के आश्रयगृहों के बच्चों का पुनर्वास नहीं हो पा रहा है। इसमें दतिया, मुरैना, भिंड, , छतरपुर, कटनी, नीमच, गुना, ग्वालियर, श्योपुर, रीवा, सतना, पन्ना, सागर, सीधी, दमोह, आगर, शाजापुर, इंदौर और देवास शामिल हैं।

### बैरागढ़ कपड़ा बाजार का फायर सिस्टम बंद

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** राजकोट, गुजरात में एक गेमिंग जोन में हुए भीषण हादसे के बाद शहर में एक बार फिर नगर निगम व जिला प्रशासन का अमला विभिन्न संस्थानों, भीड़भाड़ वाले इलाकों में फायर सेफ्टी के इंतजामों को जांचने में जुट गया है। राजधानी के भीड़ वाले क्षेत्रों के प्रतिष्ठानों में फायर एनओसी और आग से बचाव के उपकरणों की जांच करने का अभियान शुक्रवार को भी जारी रहा। बैरागढ़ एसडीएम विनोद सोनकिया के नेतृत्व में राजस्व, नगर निगम के अमले ने पुलिस की मौजूदगी में संत हिरदाराम नगर कपड़ा मार्केट और सेवा सदन नेत्रालय अस्पताल बैरागढ़ का फायर सेफ्टी व्यवस्था संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया।

इस दौरान अग्निशमन उपकरणों के नगर निगम अमले के समक्ष संचालन की कार्रवाई की गई।

## यूजी स्नातक चार वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश जारी, लेकिन सिलेबस तैयार नहीं

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत स्नातक (यूजी) पाठ्यक्रम इस साल से तीन के बदले चार वर्ष का हो गया है। इस साल से यूजी चतुर्थ वर्ष ऑनर्स और ऑनर्स विद रिसर्च कर दिया गया है। इसे लेकर उच्च शिक्षा विभाग ने अब तक सिलेबस तैयार नहीं किया है, जबकि जुलाई से प्रवेश के लिए आदेश जारी कर दिए हैं। इससे पहले भी यूजी, प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष के पाठ्यक्रमों की किताबें नहीं तैयार होने के कारण भी विद्यार्थी परेशान होते रहे हैं। ई-कंटेंट के भरोसे वे पढ़ाई कर पा रहे हैं। इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग ने विषयवार बोर्ड आफ स्टडीज गठित की है। यूर्जी चतुर्थ वर्ष के लिए 78 विषयों के पाठ्यक्रम तैयार किया जाना है। विभागीय







अधिकारियों का कहना है कि 72 विषयों के पाठ्यक्रम तैयार कर लिए गए हैं, सिर्फ छह विषयों के बाकी हैं। इसे भी जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। शोध केंद्र वाले महाविद्यालयों में यूजी ऑनर्स विथ रिसर्च पाठ्यक्रम शुरू करने की तैयारी यूजी चतुर्थ वर्ष ऑनर्स का पाठ्यक्रम सभी सरकारी व निजी महाविद्यालयों में शुरू किया जा रहा है, लेकिन ऑनर्स विथ रिसर्च पाठ्यक्रम का संचालन केवल ऐसे पीजी महाविद्यालयों में किए जा रहे हैं। इसके लिए कम से कम दो नियमित शिक्षक शोध निदेशक के रूप में होना चाहिए । इन महाविद्यालयों में संबंधित विवि से संबंधित विषय में मान्यता प्राप्त शोध केंद्र को संचालित करने की तैयारी चल रही है। सभी महाविद्यालयों से शोध निदेशक की सूची मांगी गई है।

# वनों क्षेत्र में अवैध कटाई एवं अतिक्रमण जोरों पर विभागीय उदासीनता के चलते ठूंठ में तब्दील हो रहे हरे-भरे जंगल

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** जंगलो में इन दिनो खेती के लिए वनों की अवैध कटाई जोरों पर है। आलम यह है कि वन क्षेत्रों में ठूंठ ही ठूंठ नजर आ रहे हैं, लेकिन वन विभाग को इसकी जानकारी ही नहीं है। सीधी के वन क्षेत्र में बेशकीमती सागौन काटे जा रहे हैं। सरकार प्रतिवर्ष वनों की रक्षा एवं उसकी वृद्धि के लिए करोड़ों रुपए वन विभाग को देती है ताकि जिले में वनों का विकास हो सके। साथ ही वनों की सुरक्षा के लिए वन चौकी, जांच चौकी, वॉच टावर एवं वनों में आवागमन के लिए मार्ग निर्माण पर यह राशि खर्च की जाना चाहिए। लेकिन ऐसा प्रतीत होता है मानो संबंधित अधिकारी सरकार से प्राप्त इस राशि का उपयोग वन विकास के नाम पर कहीं और के विकास पर खर्च कर रहे हैं।



सीधी के जंगलों में विगत कुछ वर्षो से तीव्र गति के साथ हरे भरे पेड़ों की अवैध कटाई की जा रही है। जिससे जंगल खत्म हो रहे है। साथ ही पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा है। हैरान करने वाली बात तो ये है कि यह सब कुछ वन अमले की नाक के नीचे हो रहा रहा है, इसके बावजूद कोई भी जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहा और लोग हरे भरे पेड़ों को काटकर वनभूमि को खेतों में तब्दील कर रहे है। यही कारण है कि कुछ समय पहले जहां विशालकाय पेड़ों का घना जंगल हुआ करता था, आज वहां दूर.दूर तक पहाड़ और खेत नजर आ रहे है। पेड़.पौधों के नष्ट होने से वन्यप्राणियों के अस्तित्व पर भी खतरा मंडराने लगा है। जिसका सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि जंगली जानवन लगातार रिहायसी माकानो की ओर रूख कर रहे हैं और अपने व मानव जीवन को संकट में डालते हैं। वहीं विभागीय सूत्रो की माने तो कट रहे पेड़ो को आंधी तूफान में गिरना बता कर जबाबदेह अधिकारी कर्मचारी अपने दायित्वों से इतिश्री कर लेते हैं।

**उदासीनता के चलते वनों का हो रहा सफाया:** सीधी में जंगलों का तेजी से सफाया किया जा है। विभाग की उदासीनता के कारण वन माफिया और अतिक्रमणकारी जंगल का तेजी से सफाया कर रहे है। हरे भरे पेड़.पौधे खासकर सागौन के पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है। हरियाली पर दिन.रात कुल्हाड़ी चलाकर जंगल को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। वहीं बड़ी संख्या में लकड़ी चोर दिन दहाड़े जंगल में घुसकर पेड़ों की कटाई करते है और फिर उस लकड़ी को छोटे टुकड़ो में मोटरसाइकिल, चार पहिया वाहन एवं ट्रैक्टर व 407 के माध्यम से जिला मुख्यालय के आरामशीनों में एवं दूर-दराज शहरों में सप्लाई करते है। वन माफिया और अतिक्रमणकारी के रोजाना बड़ी संख्या में पेड़ काटे जाने से जंगल का क्षेत्रफल तेजी से कम हो रहा है। साथ ही वन्यप्राणियों के जीवन पर भी खतरा मंडरा रहा है। लोगों का कहना है कि कुछ समय पहले जिले के जंगल इतने घने थें कि यहॉ पैदल आवागमन करना मुश्किल था वहीं अब पेड़ों की अंधाधुंध कटाई के कारण ग्रामीण दो पहिया वाहन से ही यहॉ आते जाते हैं। वहीं कई स्थलों पर तो जंगल खेत का आकार ले चुके है।

**अतिक्रमण की चपेट में सैकड़ों हेक्टेयर वन भूमि:** सीधी जिले के जंगलो में एक अभियान के तहत अवैध अतिक्रमण कर घर बनाया जा रहा है। वहीं राजनैतिक दृष्टि से जातिगत समीकरण एवं बोट बैंक की राजनीति के चलते इन्हे बेदखल नही किया रहा है। वहीं कुछ माह बाद परिवार के अन्य सदस्य भी पेड़ पौधों को काट कर अपना आवास बना लेते हैं। बिगत कुछ वर्षो में सीधी के जंगलो में जहॉ पैदल चलना भी मुश्किल था वहॉ पर अब सैकड़ो भवन बन कर तैयार हो गये हैं। आरोप है कि ऐसे में अधिकांश ग्रामीणों ने वनकर्मियों से सांठगांठ कर वन भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया और जंगल को नष्ट कर के भूमि पर खेत बना लिए। यह सिलसिला बदस्तूर जारी है।

## निजी विद्यालयों द्वारा पोर्टल पर वांछित जानकारी अपलोड करने की अंतिम तिथि 8 जून

### निर्धारित तिथि के बाद अपलोड करने पर 5 गुना राशि जमा करनी होग

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** जिला शिक्षा अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि म.प्र. शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा म.प्र. निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियम) अधिनियम 2017 एवं नियम 2020 क्रमशः 25 जनवरी 2018 एवं 02 दिसम्बर 2020 को अधिसूचित किये गये हैं। उक्त अधिनियम एवं नियम अधिसूचना दिनांक से प्रवृत्त होकर लागू है।

उपरोक्त दिशा निर्देशों के परिपालन में जिलातंर्गत संचालित समस्त अशासकीय प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल, हा.से. संस्थाओं के प्राचार्य एवं व्यवस्थापकों को निर्देशित किया गया है कि मध्य प्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम 2018 एवं नियम 2020 प्रावधानों का निम्नांकित बिन्दु अनुसार पालन अनिवार्यतः किया जाना सुनिश्चित करेंगे।

वेबसाइट की लिंक पर प्रत्येक निजी विद्यालय अनिवार्यतः अपना यूजर आई. डी. एक्टिवेट करना सुनिश्चित करेंगे। वेबसाइट लॉगइन करने हेतु निजी विद्यालय का यूजर आई.डी. उक्त विद्यालय का यू-डायस कोड निर्धारित किया गया है तथा सभी विद्यालयों के लिए डिफाल्ट पासवर्ड भी सूचित किया गया है। प्रथम बार यूजर आई.डी. एक्टिवेट (क्रियाशील) करने के उपरांत डिफाल्ट पासवर्ड रिसेट (परिवर्तित) करना होगा तत्पश्चात निजी विद्यालय अपने विद्यालय से संबंधित विभिन्न वांछित जानकारी की प्रविष्टि ीजजचरू ध्धक चपउचणपद वेबसाइट पर लागइन कर सकेंगे। सभी निजी विद्यालयों को नियम 2020 अंतर्गत निम्नानुसार जानकारी की प्रविष्टि की जानी है- विद्यालय की सामान्य जानकारी अद्यतन/अपडेट करने के उपरांत सत्यपित करेंगे। समस्त निजी विद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिये नियत की गई फीस संरचना (कक्षावार एवं संवर्गवार विभिन्न मदों में) की जानकारी पोर्टल पर प्रविष्टि/अपलोड किया जाएगा। समस्त निजी विद्यालय विगत तीन वर्षों (2020-21, 2021-22, 2022-23) के संपरीक्षित (आडिटेड) लेखों की जानकारी मॉड्यूल पर उपलब्ध प्रारूप दो अनुसार वेवसाइट पर अपलोड करेंगे। संपरीक्षित लेखों में चिट्ठा (बेलेन्स शीट), प्राप्ति एवं भुगतान पत्रक, आय-व्यय शेड्यूल सहित अंकेक्षण प्रतिवेदन सम्मिलित होगें। निर्धारित प्रविष्टियां करने के उपरांत संबंधित विद्यालय निर्धारित प्रक्रिया फीस विभागीय आदेश दिनांक एफआर-501/2021/20-3 दिनांक 19.04.2022 के अनुक्रम में संलग्न परिशिष्ट 01 अनुसार ऑनलाइन जमा करेगा। संबंधित विषयों का विनियमन हेतु प्रारूप छः अनुसार 100 रूपये के गैर न्यायिक स्टाम्प पेपर पर आवश्यक वचन पत्र अपलोड करेंगे। यह भी प्रकाश में आया है कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए नियत की गई फीस संरचना एवं विगत 3 वर्षों (2020-21, 2021-22, 2022-23) के संपरीक्षित लेखों (आडिटेड एकाउट्स) की जानकारी इत्यादि अपलोड किया जाना था। किन्तु कुल निजी विद्यालयों की संख्या की तुलना में अद्यतन बहुत कम संख्या मे प्रवृष्टि की गई है।

अतः उपरोक्त निर्देशानुसार शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए नियत की गई फीस संरचना एवं विगत वर्षों के संपरीक्षक लेखें की जानकारी पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें तथा वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए नियम की गई फीस संरचना की जानकारी विभागीय पोर्टल पर दिनांक 08 जून 2024 तक अनिवार्यतः अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें। फीस तथा अन्य विषयों का विनयमन पोर्टल के क्रियान्वयन एवं संचालन के संबंध में यूजर मेन्युअल की प्रति भेजी गई है एवं किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या अथवा प्रक्रियात्मक जानकारी हेतु आनन्द मिश्रा सहायक परियोजना प्रबंधक मो.नं. 8319129439 एवं शुभम सेन समन्वयक मो नं. 8359014228 से सम्पर्क कर सकते है।

## मतगणना के लिए मैनुअल टेबुलेशन टीम गठित

**सीधी निप्र।** रिटर्निंग आफीसर 11 सीधी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र ने आदेश जारी कर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 11 सीधी के मतगणना में सहयोग हेतु आर.एस. गौतम लेखाधिकारी जिला पंचायत सीधी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही उनके सहयोग हेतु मैनुअल टेबुलेशन टीम का गठन किया गया है। जारी आदेशानुसार विधानसभा क्षेत्र 76-चुरहट एवं 77 सीधी के लिए सुमित कुमार लेखाधिकारी लो.नि.वि. सीधी एवं सहयोगी अजीत सिंह पटेल सहा. वर्ग 03 लोक निर्माण विभाग सीधी एवं कृपाचार्य गौतम सहायक वर्ग 3 लोकसेवा सीधी को नियुक्त किया गया है।

## प्रिसिंपल जज कुटुम्ब न्यायालय हुए सेवानिवृत्त, विदाई समारोह आयोजित

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय मे पदस्थ सुधीर सिंह चैहान सीधी न्यायालय मे अपने डेढ़ वर्ष के कार्यकाल के बाद 31 मई 2024 को सेवानिवृत्त हुए। उक्त अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ सीधी ने विदाई समारोह का आयोजन किया। संघ के अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह और सचिव विद्याकान्त मिश्रा, उपाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारीगण के द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजीव कुमार पाण्डेय प्रधान न्यायाधीश एवं सुधीर सिंह चैहान प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय को मल्यार्पण कर अपने अपने अनुभव साझा कियें। सुधीर सिंह चैहान कार्यक्रम के दौरान अपने



कार्यकाल को स्मरण करते हुए कहें की मेरी प्रथम नियुक्ति छिन्दवाड़ा से लेकर अन्तिम नियुक्ति सीधी में हुई। इस दौरान अधिवक्ताओ द्वारा जो मुझे सम्मान दिया गया उसके लिये जीवन पर्यन्त-ऋणी रहुँगा।

इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश संजीव कुमार पाण्डेय ने कहा कि जिस दिन से जज सेवा मे आता है, उसकी सेवानिवृत्त की तारीख पहले से निश्चित रहती है। अपने साथी जज के सेवानिवृत्त होने पर जज की सिद्वान्तिक कार्य प्रणाली का प्रकाश डालते हुये एक अच्छे जज के रुप मे निरुपित किया, वहीं जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह ने कहा कि सिंह त्वरित न्याय और ऐतिहासिक निर्णयो के लिये जाने जाते रहे हैं। अपने कार्यकाल मे आपने सबका ध्यान अपने ओर आकृषित किया है अपने गौरवशाली न्यायिक इतिहास पूर्णकर लिया है और वह अपने शेष जीवन मे स्वास्थ्य रहे, दीर्घायु रहें यही कामना हम सब की ओर से है। न्यायालय परिसर में बैंडबाजा व पटाखो की गूंज के साथ फूलो से सुसज्जित कार में बिठाकर प्रिसिंपल जज की विदाई की गयी।

## व्यापारी संघ ने दी श्रद्धांजलि, नवल चाचा के योगदान और समर्पण को किया गया याद



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** बीते गुरुवार को व्यापारी संघ एवं नगर पालिका परिषद सीधी के पूर्व अध्यक्ष नवल दास आहूजा का लंबी बीमारी के बाद दोपहर 2 बजे के आसपास अंतिम सांसें लीं, जिनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को शहर भ्रमण के बाद मुक्तिधाम में किया गया। व्यापारी संघ सीधी के अध्यक्ष लालचंद गुप्ता द्वारा व्यापारी संघ सीधी के सार्वजनिक धर्मशाला में वरिष्ठ व्यापारियों एवं पदाधिकारीयों के साथ उनकी स्मृतियों को याद किया गया और उनकी छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई और उनके आत्मा के शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया गया।

श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से धर्मशाला कमेटी के अध्यक्ष हजारीलाल गुप्ता, व्यापारी संघ सीधी के महामंत्री भीम कामदार, कोर कमेटी के सदस्य दिलीप शितानी, वरिष्ठ व्यवसायी अशोक बसंतानी, कमल कामदार, रवि केसरी, नरेंद्र लालवानी, कोषाध्यक्ष रोशन लाल केशरवानी, आनंद परियानी, सब्जी फल मंडी एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित गुप्ता गुड्डू, युवा व्यापारी संघ के अध्यक्ष सनी मोटवानी, कृष्ण कुमार गुप्ता, राजेंद्र सेन, गौरव गुप्ता एवं अन्य व्यापारी साथी उपस्थित हुए।

## समाजसेवियों की पहल पर महाराष्ट्र से शव पहुॅचा देवरी, ग्रामींणो ने जताया आभार

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** जिले के आदिवासी विकासखंड कुशमी के भुईमाड़ थाना अंतर्गत देवरी गांव का निवासी इंद्रपाल पनिका पिता जगदीश पनिका उम्र 54 वर्ष जो अगस्त 2023 में गॉव से महाराष्ट्र जीविकोपार्जन हेतु गये हुए थें। इंद्रपाल जायसवाल इंड्स्टी निको प्राइवेट लिमिटेड बुटीबोरी नागपुर में कार्यरत थें, किन्तु बुधवार को कार्यस्थल पर नही पहुॅचे तब उनकी खोज खबर प्रबंधन द्वारा ली गयी। साथ में कार्यरत अन्य मित्रों के द्वारा अगले दिवस गुरुवार



को खोजबीन के दौरान कार्यस्थल मार्ग पर एक पेड़ के नीचें लेटे हुए मिले किन्तु तब तक वे दम तोड़ चुके थें। महाराष्ट्र पुलिस द्वारा फोन माध्यम से उक्त घटना की जानकारी मृतक के परिजनो को दी गयी।

वहीं मृतक के परिजनो की आर्थिक स्थिती इतनी कमजोर थी कि वे शव को महाराष्ट्र से सीधी लाने में भी असमर्थ थें। मृतके के परिजन मदद के लिये कई स्थानीय समाजसेवियों से संपर्क किये किन्तु उन्हे केवल असफलता ही हॉथ लगी। जिससे बाद मृतक के परिजन देवरी गांव से सटे सिंगरौली जिले सरई क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी प्रेम सिंह भाटी के पास पंहुचे और शव को महाराष्ट्र नागपुर से लाने के लिए मदद मांगने लगें। तब प्रेम सिंह भाटी एवं अन्य समाजसेवियों की विशेष पहल पर शव मृतक के गृह ग्राम तक लाने में सफलता मिली। ग्रामींणो ने प्रेम सिंह के मेहनत लगन को सलाम किया एवं नम ऑखो से उनके प्रति साधुवाद ज्ञापित किया।

### मतगणना कर्मियों का द्वितीय रेण्डमाइजेशन 3 को

## आदेश तामीली के लिए विभाग प्रमुखों को किया गया निर्देशित

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश शाही ने बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मतगणना हेतु मतगणना कर्मियों का द्वितीय रेण्डमाइजेशन 3 को पूर्वान्ह मे किया जाना प्रस्तावित है। रेण्डमाइजेश के पश्चात चयनित मतगणना कर्मियों को मतगणना हेतु विधानसभा आवंटित किया जावेगा।

उन्होने समस्त विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि अपने अधीन आने वाले संबंधित को आदेश एवं परिचय पत्र 3 को दोपहर 02 बजे के पश्चात एनआईसी सीधी मे विशेष वाहक को भेजकर प्राप्त कर एवं संबंधितों को तामीली कराना सुनिश्चित करें।

## उत्कृष्ट विद्यालय में प्रवेश हेतु जिलास्तरीय मेरिट सूची प्रकाशित

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय में कक्षा 9वीं में प्रवेश प्रक्रिया 1 जून से प्रारंभ हो चुकी है, ऐसे छात्र जिन्होंने जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय की प्रवेश परीक्षा 2024 की पात्रता परीक्षा पास की है साथ ही कक्षा 8वीं परीक्षा उत्तीर्ण हैं। ऐसे छात्र अपना प्रवेश आवेदन निर्धारित दस्तावेजों के साथ प्राप्त कर सकते हैं। उक्त आशय के संबंध में जानकारी देते हुए उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य एस.एन. त्रिपाठी ने बताया कि विगत दिनों उत्कृष्ट विद्यालय की प्रवेश परीक्षा जो प्रदेश स्तर पर संपन्न हुई थी उसकी जिला स्तरीय मेरिट सूची भोपाल से प्रकाशित हो चुकी है।

ऐसे छात्र जो वर्ष 2024 में कक्षा 8वीं की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं और मेरिट सूची में अपना स्थान रखते हैं वह विद्यालय मे सुबह 11 से 4 तक आकर अपने कुछ प्रमुख दस्तावेजों के साथ प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं।

इस मेरिट सूची के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया 1 जून से 15 जून तक चलेगी। इसके पश्चात समिति के निर्णय के अनुसार प्रतीक्षा सूची जारी की जाएगी। ऐसे छात्र जो मेरिट सूची में स्थान रखते हैं, निर्धारित समय बीत जाने के पश्चात संबंधित छात्र को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

## व्यक्तित्व विकास एवं चरित्र निर्माण विषय पर राष्ट्रीय वेबीनार आयोजित हुआ

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में 30 मई को ''व्यक्तित्व विकास एवं चरित्र निर्माण'' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। कार्यक्रम के शुरुआत में क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा रीवा सभाग डॉ.आर. पी. सिंह ने पर्सनैलिटी डेवलपमेंट और चरित्र निर्माण विषय के महत्व को विस्तार से बताया।





राष्ट्रीय वेबीनार में तीन मुख्य वक्ता थे जिनमे डॉ. अंकन सिन्हा सहायक प्राध्यापक त्रिपुरा ने व्यक्तित्व विकास में योग का महत्व विषय पर विशेष चर्चा की और यह समझाया कि व्यक्तित्व विकास में योग कितना लाभदाई हो सकता है साथ ही साथ अष्टांग योग के महत्व को स्पष्ट किया और व्यक्तित्व निर्माण के साथ-साथ व्यक्तिगत जीवन में भी योग का कितना अधिक महत्व है। द्वितीय वक्ता के रूप में डॉ. सुजय बिष्ट सहायक प्राध्यापक एलएनआईपीई गुवाहाटी ने व्यक्तित्व विकास में सहायक विविध आयामों पर विशेष चर्चा की और तीसरे वक्ता के रूप में डॉ गौरव पंत ने व्यक्तित्व विकास एवं चरित्र निर्माण में खेलकूद की भूमिका पर विस्तृत प्रकाश डाला।

इस राष्ट्रीय वेबीनार में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों के साथ-साथ छात्र छात्राएं शामिल रहे और साथ ही दूसरे प्रदेशों से भी अनेक लाभार्थियों ने इसका लाभ लिया। महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ. गुलशेर अहमद ने संबंधित विषय का परिचय एवं विषय प्रवेश कराया। संपूर्ण कार्यक्रम का सार डॉ रविंद्र नाथ सिंह स्पोर्ट ऑफिसर ने प्रस्तुत किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी. के. सिंह महाविद्यालय से शासकीय आवश्यक कार्य से बाहर रहने के कारण वेबीनार में ऑनलाइन जुड़े रहे तथा मार्गदर्शन देते रहे और भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करते रहने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के अंत में इस संपूर्ण कार्यक्रम को आयोजित करने वाले महाविद्यालय के सीनियर प्राध्यापक डॉ आरबीएस चौहान ने विषय पर अपनी बात रखते हुए आभार प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम का सफल संचालन महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. अश्वनी कुमार द्विवेदी ने किया।

**शासकीय महाविद्यालय कुसमी में हुआ एकदिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार :** प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय कुसमी ने जानकारी देकर बताया है कि एक जून को उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशन में शासकीय महाविद्यालय कुसमी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति मुद्दे एवं चुनौतियाँ विषय पर एकदिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार के मुख्य संरक्षक डॉ. आर.पी. सिंह क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग रीवा संभाग ने वेबिनार के महत्वपूर्ण बिंदुओं को विस्तार से समझाते हुये उच्च शिक्षा विभाग में हो रहे परिवर्तनों पर जोर दिया। वेबिनार के संरक्षक डॉ. पी. के. सिंह प्राचार्य संजय गांधी स्मृति शासकीय महाविद्यालय सीधी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को विस्तार से समझने और क्रियान्वित करने पर बल दिया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामलला शर्मा ने अपने स्वागत उद्बोधन में इस नीति को क्रियान्वित करने के लिये पूर्ण मनोयोग से कार्य करने की बात कही। उक्त वेबिनार में मुख्य वक्ता डॉ. हरीश सिंह सहायक प्राध्यापक प्रयागराज ने अपने व्याख्यान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति में विद्यार्थियों की बुनियादी साक्षरता और संख्याज्ञान को सर्वाधिक देने की बात कही। विषय विशेषज्ञ के रुप में डॉ. आकांक्षा सिंह एसोसिएट प्रोफेसर डिपार्टमेन्ट ऑफ एजुकेशन यूनिवर्सिटी ऑफ लखनऊ ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मुख्य उद्देश्य के बारे में विस्तार से बताते हुये कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य मूल्य आधारित समग्र शिक्षा प्रदान करना और वैज्ञानिक स्वभाव का विकास करना। वेबिनार के विषय विशेषज्ञ डॉ. एस.पी. शुक्ला प्राध्यापक शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा ने शिक्षा की गुणवत्ता को बनाये रखने की आवश्यकता पर बल दिया।

वेबिनार का संयोजन एवं संचालन डॉ. हरिचरण अहिरवार सहायक प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय कुसमी ने की। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन डॉ. उमाशंकर तिवारी, सहायक प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय कुसमी ने किया। उक्त वेबिनार में डॉ. नजर अली सहायक प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय कुसमी, डॉ. अविनाश कुमार सिंह क्रीडाधिकारी, डॉ. प्रभाकर सिंह, डॉ. के.एस. नेताम, डॉ. आर.बी.एस. चौहान, प्रो ओ पी नामदेव, प्राचार्य, शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी, डॉ. गुलशेर अहमद, डॉ. अश्वनी कुमार द्विवेदी, डॉ. रविन्द्रनाथ सिंह क्रीडाधिकारी, अजय कुमार, डॉ. दिलीप कुमार सोनी, डॉ. के. बी. रॉय, डॉ. उमाकान्त साहू, डॉ. के. बी. मिश्रा, ऋषिकेश सोंधिया, राजभान सिंह सहित छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

## मतगणना के संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक 2 को

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश शाही ने बताया कि लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11 सीधी अंतर्गत मतगणना 4 जून को किया जाना है।

मतगणना से संबंधित जानकारी के लिए रिटर्निंग ऑफिसर लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11 सीधी की अध्यक्षता में 2 जून को शायं 5 बजे 5.30 बजे तक कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया है।

उक्त बैठक से संबंधित समस्त अधिकारी/कर्मचारी निर्धारित समायावधि में उपस्थित रहना सुनिश्चित करें। शहडोल एवं सिंगरौली जिले के अधिकारी वीडियों कॉफ्रेंस के माध्यम से जुड़ना सुनिश्चित करें।


# विचार

## पंजाब में बदलाव की लहर का सीधा और सबसे बड़ा फायदा भाजपा को होने जा रहा है

पंजाब में लोकसभा की 13 सीटें हैं। जबसे पंजाब राज्य की स्थापना हुई है तबसे यह पहली बार है जब सभी प्रमुख दल अलग-अलग चुनाव लड़ रहे हैं और कोई भी गठबंधन इस बार के चुनाव मैदान में नहीं है। भाजपा, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, शिरोमणि अकाली दल, बसपा तो अकेले चुनाव लड़ ही रहे हैं साथ ही सिमरनजीत सिंह मान की पार्टी भी कुछ सीटों पर अकेले चुनाव लड़ रही है। इस तरह कई सीटों पर पांच कोणीय मुकाबला है तो कहीं छह कोणीय चुनावी मुकाबला हो रहा है। जाहिर है मतों के इस भारी विभाजन के चलते इस बार हार और जीत का अंतर बेहद मामूली रहने वाला है। पंजाब में सत्तारुढ़ आम आदमी पार्टी का प्रयास है कि सभी 13 सीटों पर जीत हासिल की जाये लेकिन कांग्रेस भी पूरा दमखम लगाये हुए है। कांग्रेस अब भी यह सदमा बर्दाश्त नहीं कर पाई है कि 11 साल पुरानी पार्टी ने उसे सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया था। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का वैसे तो दिल्ली, गुजरात, असम, हरियाणा और चंडीगढ़ में गठबंधन है लेकिन पंजाब में दोनों एक दूसरे के खिलाफ ताल ठोंक रहे हैं। इसके चलते मतदाता भी हैरान हैं। मतदाता आश्चर्य व्यक्त कर रहे हैं कि चंडीगढ़ में दोनों पार्टियां एक साथ चुनाव लड़ रही हैं और भाजपा को निशाने पर ले रही हैं लेकिन चंडीगढ़ से 15-20 मिनट की दूरी से शुरू होने वाले पंजाब राज्य में आते ही यह दोनों दल एक दूसरे के खिलाफ ही हमला बोल रहे हैं। ऐसे में सवाल राजनीतिक शुचिता का भी उठ रहा है और गठबंधन धर्म का मजाक बनने से राजनीतिक प्रेक्षक भी हैरान हैं। दूसरी ओर, कुछ समय पहले किसान आंदोलन के चलते भाजपा का ग्राफ यहां तेजी से गिरा था। आज भी गांवों में भाजपा के खिलाफ नाराजगी का माहौल देखा जा सकता है। हालांकि यह माहौल कुछ लोगों ने साजिशन बनाया है। खासतौर पर मतदान से ठीक पहले जिस तरह संयुक्त किसान मोर्चा ने भाजपा को हराने का आह्वान कर दिया है उससे भी गांवों में भाजपा की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। इसके अलावा किसानों ने सभी 13 लोकसभा सीटों के भाजपा उम्मीदवारों के घर के बाहर धरना प्रदर्शन भी आयोजित कर रखा है जिससे भगवा दल की चुनावी संभावनाओं पर असर पड़ने की आशंका व्यक्त की जा रही है। लेकिन भाजपा इस सबसे बेपरवाह होकर अपना चुनावी अभियान आगे बढ़ा रही है और उसे खासतौर पर शहरी मतदाताओं का बड़ा समर्थन मिलता दिख रहा है। प्रभासाक्षी की चुनाव यात्रा जब पंजाब के विभिन्न शहरों में पहुँची तो हमने पाया कि आम आदमी पार्टी ने बिजली बिल माफ करने के अलावा कोई वादा पूरा नहीं किया है। पंजाब को नशे से मुक्त कराने की बात कही गयी थी लेकिन नशाखोरी और बढ़ गयी है। महिलाओं को एक हजार रुपए प्रतिमाह का वादा पूरा नहीं होने से स्त्री शक्ति नाराज है। व्यापारी और उद्योगपति इसलिए निराश हैं क्योंकि कानून व्यवस्था सही नहीं होने से व्यापार प्रभावित हो रहा है। कई लोगों ने तो अपना व्यापार हरियाणा में शिफ्ट भी कर लिया है। आंदोलनों के चलते निवेशक सतर्क हैं जिससे पंजाब में निजी निवेश नहीं आ रहा है और इसका सीधा असर रोजगार पर पड़ रहा है। हमने जब लोगों के मन की बात जानने का प्रयास किया तो सबने एक ही बात कही कि प्रधानमंत्री मोदी जी से कहिये कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को छह महीने के लिए पंजाब का मुख्यमंत्री बना दें ताकि यहां भी सब ठीक हो सके। लोगों ने कहा कि गर्मी के इस मौसम में गांवों में 18 घंटे तक की कटौती हो रही है और कहीं कोई सुनवाई नहीं है। लोगों ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार सिर्फ विज्ञापन पर पैसा खर्च करती है और सुरक्षा का बड़ा घेरा लेकर चलने में विश्वास रखती है। हमने पाया कि राज्य सरकार से जनता की नाराजगी, कांग्रेस पार्टी में चुनाव के समय हुए बिखराव और शिरोमणि अकाली दल की ओर से सारा ध्यान भठिंडा पर ही लगा दिये जाने के चलते जनता भाजपा के साथ जुड़ रही है। भाजपा ने कांग्रेस के बड़े नेताओं को पार्टी में लाकर चुनाव मैदान में उतार कर जो चाल चली है वह कामयाब होती दिख रही है। हमने पाया कि जालधंर में सुशील कुमार रिंकू, पटियाला में महारानी प्रणीत कौर और लुधियाना में रवनीत सिंह बिट्टू चुनाव जीत कर भाजपा की झोली में यह तीनों सीटें पहली बार डाल सकते हैं।

# संविधान बदलने का मुद्दा सिर्फ चुनावी

**ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि सभी चरणों के चुनावों के बाद विपक्ष एक मुद्दा सतह पर ऐसा लाने में सफल हो गया है, जो दलित समाज के एक वर्ग में कुछ हद तक काम कर रहा है। कितना किया, यह कहा नहीं जा सकता लेकिन राजनीतिक फिजा में इसकी रंगत दिखी। भाजपा के 400 पार के नारे से निकली इस हवा को भाजपा के कुछ नेताओं ने ही रंगत दी और इसकी आग को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को यह तक कहना पड़ा कि आज अगर खुद अंबेडकर चाहें तो भी संविधान नहीं बदल सकते।**




संविधान लागू होने के बाद से अब तक इसमें कुल 106 बार संशोधन किए गए हैं लेकिन संविधान की मूल संरचना आज भी वही है। इंदिरा गांधी सरकार के कार्यकाल के दौरान संविधान में एक संशोधन के माध्यम से इतने बदलाव किए गए जिसके चलते इसे कॉन्स्टिच्यूशन ऑफ इंडिया की जगह कॉन्स्टिच्यूशन ऑफ इंदिरा तक कहा गया लेकिन संविधान की मूल संरचना अक्षुण्ण ही रही। नरेंद्र मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में भारतीय संविधान में 8 बार संशोधन किए गए और उससे पूर्व की सरकारों के 64 वर्षों के कार्यकाल के दौरान 98 बार संविधान को संशोधित किया गया। दुनिया के किसी भी संविधान में अब तक इतने संशोधन संभवत¬ नहीं किए गए हैं। भारतीय संविधान में 3 प्रकार के संशोधन की व्यवस्था दी गई है लेकिन यह संविधान खत्म करने की इजाजत नहीं देता है। इनमें 2 प्रकार के संशोधन अनुच्छेद 368 के तहत किए जाते हैं। पहले प्रकार के संशोधनों में वे शामिल हैं जिन्हें संसद के प्रत्येक सदन में 'साधारण बहुमत' द्वारा पारित किया जा सकता है। दूसरे प्रकार के संशोधन संसद द्वारा प्रत्येक सदन में निर्धारित 'विशेष बहुमत' द्वारा प्रभावी किए जा सकते हैं; और तीसरे प्रकार के संशोधनों के लिए संसद के प्रत्येक सदन में ऐसे 'विशेष बहुमत' के अलावा, देश के कम से कम 50 प्रतिशत राज्य विधानसभाओं की मंजूरी भी अनिवार्य है।

भारतीय संविधान में किए गए कुछ प्रमुख संशोधन ¬

1-पहला संविधान संशोधन 18 जून 1951 को किया गया। इसके तहत राज्य को सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के विकास के लिए विशेष प्रावधान करने का अधिकार प्रदान किया गया। 2-एक नवम्बर 1956 को संविधान में सातवां संशोधन किया गया। इसके तहत राज्य पुनर्गठन अधिनियम के माध्यम से 14 राज्यों और 6 केंद्र शासित प्रदेशों का गठन किया गया।

3- 1971 में 24वां संशोधन किया गया। इस संशोधन के माध्यम से यह स्पष्ट हो गया कि संसद अनुच्छेद 368 का उपयोग करके अनुच्छेद 13 सहित संविधान के किसी भी हिस्से में संशोधन कर सकती है, अर्थात् संसद को मौलिक अधिकारों में संशोधन करने की शक्ति दी गई।

4- 1971 में ही 26वां संशोधन किया गया। इसके तहत रियासतों के शासकों को दिए जाने वाले प्रिवीपर्स अर्थात विशेषाधिकारों को समाप्त कर दिया गया।

5- 1975 में 38वां संशोधन किया गया। इसके तहत राष्ट्रपति द्वारा आपातकाल की घोषणा को किसी भी अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती है।

6- 1976 में संविधान में 42वां संशोधन किया गया। इसके तहत संविधान की प्रस्तावना में 3 नए शब्द समाजवादी, धर्म निरपेक्ष और अखंडता जोड़े गए। संसद और राज्य विधानमंडल लोकसभा और राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल 5 वर्ष से बढ़ाकर 6 वर्ष कर दिया गया। इसने ट्रेड यूनियन गतिविधि को कम करने की शक्ति वाले प्रावधान पर रोक लगाई। संवैधानिक संशोधन पर न्यायिक समीक्षा को प्रतिबंधित कर दिया गया। राष्ट्रपति के लिए मंत्रिपरिषद की सलाह को बाध्यकारी बनाया गया। शिक्षा, वन, वजन और माप, वन्य जीवों और पक्षियों का संरक्षण, न्याय का प्रशासन जैसे 5 विषयों को राज्य सूची से समवर्ती सूची में स्थानांतरित किया गया। अनुच्छेद 329क के तहत लोकसभा अध्यक्ष और प्रधानमंत्री को कुछ विशेष विवेकाधीन शक्तियां दी गईं। न्यायपालिका की न्यायिक समीक्षा और रिट क्षेत्राधिकार की शक्ति को सीमित किया गया।

7- 1978 में जनता पार्टी की सरकार ने संविधान में 44वां संशोधन किया।

8- 1985 में 52वां संशोधन किया गया जिसके तहत दलबदल के खिलाफ कानून बनाकर संविधान में 10वीं अनुसूची जोड़ी गई।

9- 1989 में 61वां संशोधन करते हुए मतदान की उम्र 21 से घटाकर 18 वर्ष कर दी गई।

10- 1992 में 73वां संशोधन किया गया। इसके तहत पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया गया।

11- 1992 में ही संविधान में 74वां संशोधन करते हुए शहरी स्थानीय निकायों को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया गया।

12- वर्ष 2002 में संविधान में 86वां संशोधन करते हुए 6 से 14 साल की उम्र तक के बच्चों के लिए मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में शामिल किया गया।

13- 2003 में किए गए 91वें संशोधन के तहत केंद्र और राज्यों में मंत्रिमंडल का दायरा सीमित किया गया।

14- 2014 में कॉलेजियम प्रणाली के स्थान पर राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग की स्थापना का प्रावधान किया गया।

15- 2017 में 101 वां संशोधन करते हुए जी.एस.टी. की शुरूआत की गई।

16- 2019 में 103वां संशोधन कर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए शिक्षण संस्थानों और नौकरियों में 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया गया।

17- 2020 में 104वां संशोधन कर लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में एंग्लो इंडियन समुदाय के लिए आरक्षित सीटों के प्रावधान को हटा दिया गया।

18- 2023 में 106वां संशोधन महिला आरक्षण विधेयक (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) के लिए किया गया। इसके तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने का प्रावधान किया गया है।

सुप्रीम कोर्ट ने किया था संविधान को सुरक्षित ¬ 1973 में सुप्रीम कोर्ट के 11 जजों की बैंच ने एक अहम फैसला सुनाया। इस फैसले में भारतीय संविधान के डॉक्ट्रिन ऑफ बेसिक स्ट्रक्चर को स्पष्ट किया गया। सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्णय दिया कि संविधान की मौलिक संरचना को बदला नहीं जा सकता है। इस फैसले ने संविधान में बदलाव को सीमित कर दिया और संविधान की मूल संरचना को सुरक्षित कर दिया। अब तो चुनाव नतीजे आने के बाद यह स्पष्ट हो सकेगा कि कौन-सा मुद्दा कितना आगे बढ़ सका। क्या सचमुच दलितों का एक वर्ग संविधान या किताब बदलने के मुद्दे पर भाजपा या एन.डी.ए. से खफा रहा। यह भी सही है कि लेकिन चुनावी हवा में संविधान के मुद्दे ने धार जरूर दी।

# अमीरों को मत खाओ, इससे बाकियों को नुकसान होगा

**गोविंद भट्टाचार्जी**

24 मई को, थॉमस पिकेटी की वर्ल्ड इनइक्वलिटी लैब ने अपने पहले प्रकाशित पेपर, 'इंकम एंड वैल्थ इनइक्वलिटी इन इंडिया, 1922-2023 द राइज ऑफ द बिलियनेयर राज' का अनुवर्ती नोट जारी किया। भारत में चरम असमानताओं से निपटने के लिए एक संपत्ति कर पैकेज का प्रस्ताव नोट में दिखाई दिया। 10 करोड़ से अधिक की शुद्ध संपत्ति पर 2 प्रतिशत कर लगाने और समानता में वृद्धि की समस्या से निपटने के लिए 33 प्रतिशत विरासत कर लगाने की वकालत यह नोट करता है। शिक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण कार्यक्रमों पर खर्च करने के लिए अतिरिक्त संसाधन उत्पन्न करना भी इसकी अन्य विशेषताएं हैं। अध्ययन का अनुमान है कि यह उपाय वयस्क आबादी के केवल 0.4 प्रतिशत को प्रभावित करेगा, जबकि सकल घरेलू उत्पाद का 2.73 प्रतिशत या लगभग 9 लाख करोड़ रुपए के अतिरिक्त संसाधन पैदा करेगा। इसने अंतरजातीय असमानताओं पर भी प्रकाश डाला। यह इंगित करते हुए कि भारत में एच.एन.आई. ज्यादातर उच्च जातियों से संबंधित हैं और इसलिए यह उपाय सामाजिक न्याय के साथ जोड़ा जाएगा। कई देशों ने इन करों के माध्यम से अमीरों पर कर लगाने का प्रयास किया है, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। वे मूल रूप से सरल आर्थिक तर्क के विरुद्ध काम करते हैं और उनके संग्रह पर अनुपातहीन राशि खर्च की जाती है और इससे कर चोरी आसान होती है। धन का आकलन करना कठिन है और इसे आसानी से कृषि या रियल एस्टेट में छिपाया जा सकता है। कर भी उद्यम को हतोत्साहित करते हैं और पूंजी के पलायन को बढ़ावा देते हैं जिससे विकास प्रभावित होता है। भारत में 1967 से वित्त वर्ष 2015 तक धन कर लगाया गया था जब इसे अधिभार से बदल दिया गया था, जो अब एच.एन.आई. द्वारा भुगतान किए गए आयकर पर 10 प्रतिशत से 25 प्रतिशत तक है, यदि उनकी कर योग्य आय नई कर व्यवस्था के तहत 50 लाख से अधिक है। संपत्ति कर अधिनियम 1957 के तहत व्यक्तियों और कॉरपोरेट्स पर 30 लाख से अधिक की शुद्ध संपत्ति पर 1 प्रतिशत कर लगाया जाता है। जिसमें भूमि और घर, फर्नीचर, परिवहन, आभूषण और 150,000 से अधिक नकदी शामिल है, इसके अलावा पति या पत्नी और बच्चों की हस्तांतरित संपत्ति भी शामिल है। वित्त वर्ष 2015 में, संपत्ति कर से 12 लाख के कुल कर राजस्व में से केवल 1,086 करोड़ रुपए प्राप्त हुए, जबकि प्रतिभूतियों और लेन-देन टैक्स को मिलाकर संग्रह की लागत 686 करोड़ थी। किसी भी अतिरिक्त लागत से बाहर और वर्तमान बजट में अनुमान के अनुसार यह बढ़कर 73,000 करोड़ हो गया है। यह पिकेटी एट अल द्वारा सुझाए गए समाधान की तुलना में असमानता को संभालने का एक बेहतर तरीका है, जो अनिवार्य रूप से घरेलू और विदेशी निवेश को समाप्त कर देगा और विकास को बाधित करेगा। तब देश 'सदाबहार समान गरीबी' में डूब जाएगा। असमानता विकास की लागत है, लेकिन जब कमजोर समूहों की समस्याओं को कम करने के लिए अन्य उपाय किए जाते हैं तो यह समस्या कम होती है। इसके लिए अब विभिन्न योजनाओं के माध्यम से मुफ्त या अत्यधिक सबसिडी वाले खाद्यान्न के रूप में एक मजबूत सामाजिक सुरक्षा जाल उपलब्ध है, जो 80 करोड़ लोगों के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करता है और आयुष्मान भारत, जो 50 करोड़ लोगों को कवर करता है। नीति आयोग द्वारा अनुमानित भारत में बहुआयामी गरीबी 2022-23 में केवल 11 प्रतिशत थी, जबकि एक दशक पहले यह लगभग 30 प्रतिशत थी।

# प्रकृति एवं पर्यावरण में जहर घोलने से बढ़ी जानलेवा गर्मी

**ललित गर्ग**



लोकसभा चुनाव के प्रचार की गर्मी भले ही समाप्त हो गयी हो लेकिन प्रकृति से जुड़ी गर्मी सौ-डेढ़ सौ वर्षों का रिकार्ड तोड़ते हुए कहर बरपा रही है। दिल्ली का पारा 50 डिग्री से तो ज्यादा ही रहा है। देश के 17 से अधिक शहरों में तापमान उच्चतम स्तर पर चल रहा है। यह एक तरह का प्राकृतिक आपातकाल है। हीटवेव या यों कहें कि लू के थपेड़ों ने जनजीवन को मौत के मुहाने पर खड़ा कर दिया है। लू या हीटवेव या तापघात के कारण देश के विभिन्न हिस्सों में मौत के समाचार भी आ रहे हैं। तस्वीर का एक पहलू यह है कि अभी तक सही मायने में हमारे देश में हीटवेव को डिजास्टर मैंनेजमेंट में पूरी तरह से शामिल नहीं किया गया है। वैज्ञानिक बता रहे हैं कि शहरों में हीट आइलैंड बन रहे हैं, जिसके लिए मुख्य रूप से सीमेंट-तारकोल और कृत्रिम वातानुकूलित (एसीवाली) जीवनशैली जिम्मेदार है। कंक्रीट और तारकोल के जंगलों का विस्तार करने को जब तक हम अपनी जरूरत समझते रहेंगे तब तक हरे-भरे जंगलों को कटने से कोई नहीं रोक सकेगा। दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर देश जब तक जीडीपी से विकास को मापेगा, बेहिसाब औद्योगीकरण एवं शहरीकरण की होड़ रहेगी, तब तक पर्यावरण असंतुलन एवं गर्मी का प्रकोप ऐसे ही विनाश का कारण बनता रहेगा। इस बार बढ़ती गर्मी ने सारे रेकॉर्ड तोड़ दिये हैं जो हमारे लिए चौंकाने से ज्यादा गंभीर चिंता की बात है। राजधानी दिल्ली के एक इलाके में अधिकतम पारा 52.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो देश के इतिहास का सबसे ज्यादा तापमान है। राजस्थान के चुरु और फलोदी आदि का पारा तो 50 के आसपास या ऊपर ही चल रहा है। जैसलमेर आदि स्थानों पर गर्मी इतने तेज है कि धरती तवे की तरह तप रही है, लोगों ने पापड़ सेक कर या आमलेट बनाते हुए दृश्य सोशल मीडिया पर दिखाये हैं। पानी की कमी, बिजली कटौती और गर्म लू के कारण बीमारी के हालात गंभीर होते जा रहे हैं। इतनी तेज गर्मी में पेयजल की उपलब्धता, बिजली की आपूर्ति व ट्रिपिंग की समस्या से निजात पाना मुश्किल हो रहा है। सवाल यह है कि इस भीषण लू या यों कहें कि हीटवेव के लिए बहुत कुछ हम और हमारा विकास का नजरिया भी जिम्मेदार है। आज शहरीकरण और विकास के नाम पर प्रकृति को विकृत करने में हमने कोई कमी नहीं छोड़ी है। पेड़ों की खासतौर से छायादार पेड़ों की अंधाधुंध कटाई एवं गांवों में हो या शहरों में आंख मींचकर कंक्रिट के जंगल खड़े करने की होड़ के दुष्परिणाम प्रकृति एवं पर्यावरण की विकरालता के रूप में सामने हैं। जल संग्रहण के परंपरागत स्रोतों को नष्ट करने में भी हमने कोई गुरेज नहीं किया। अब विकास एवं सुविधाओं और प्रकृति के बीच सामंजस्य की और ध्यान देना होगा नहीं तो आने वाले साल और अधिक चुनौती भरे होंगे। कंक्रिट के जंगलों से लेकर हमारे दैनिक उपयोग के अधिकांश साधन एवं विकास की भ्रामक सोच तापमान को बढ़ाने वाले ही हैं। विडंबना यह है कि ग्लोबल वार्मिंग की दस्तक देने के बावजूद विकसित व संपन्न देश पर्यावरण संतुलन के प्रयास करने तथा आर्थिक सहयोग देने से बच रहे हैं। ऐसा नहीं है कि मौसम की मार से कोई विकसित व संपन्न देश बचा हो, लेकिन प्राकृतिक संसाधनों के क्रूर दोहन से औद्योगिक लक्ष्य पूरे करने वाले ये देश अब विकासशील देशों को नसीहत दे रहे हैं। निश्चित रूप से बढ़ता तापमान उन लोगों के लिये बेहद कष्टकारी है, जो पहले ही जीवनशैली से जुड़े रोगों एवं समस्याओं से जूझ रहे हैं। जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता असाध्य रोगों की वजह से चूक रही है। ऐसा ही संकट वृद्धों के लिये भी है, जो बेहतर चिकित्सा सुविधाओं व सामाजिक सुरक्षा के अभाव में जीवनयापन कर रहे हैं। वैसे एक तथ्य यह भी है कि मौसम के चरम पर आने, यानी अब चाहे बाढ़ हो, शीत लहर हो या फिर लू हो, मरने वालों में अधिकांश गरीब व कामगार तबके के लोग ही होते हैं। जिनका जीवन गर्मी में बाहर निकले बिना या काम किये बिना चल नहीं सकता। निष्कर्षत: कह सकते हैं कि उन्हें मौसम नहीं बल्कि गरीबी मारती है। जलवायु परिवर्तन का असर अब ज्यादा स्पष्ट तौर पर दिखने लगा है।

अगर गर्मी पड़ रही है तो पिछले कई दशक के रिकॉर्ड तोड़ रही है। अगर बारिश हो रही है तो कुछ घंटों में ही पूरे मॉनसून की बरसात के बराबर पानी गिर रहा है। सर्दी भी साल-दर-साल नए रिकॉर्ड बना रही है। कुल मिलाकर हर मौसम अब अप्रत्याशित क्रूरतम रुख दिखा रहा है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, अल नीनो और कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन की दोहरी मार के कारण धरती के तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इससे धरती पर मौजूद सभी जीव-जंतुओं, वनस्पति और इंसानों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। अनेक लोगों की भीषण गर्मी में जान चली गयी, बिहार की स्कूली छात्राएं बड़ी संख्या में बेहोश हो गयी। इन जटिल स्थितियों को देखते हुए गर्मी के मौसम में काम के घंटों का निर्धारण एवं स्कूलों में गर्मी की छुट्टियों की अवधि मौसम की अनुकूलता के अनुरूप ही होनी चाहिए। आसन्न संकट को महसूस करते हुए दीर्घकालीन रणनीति, इस चुनौती से निपटने के लिये बनाने की जरूरत है। दुनियाभर में अगले 20 साल के भीतर कूलिंग सिस्टम्स यानी एयरकंडीशन की मांग में कई गुना बढ़ी है। सुविधावादी जीवनशैली एवं तथाकथित आधुनिकता ने पर्यावरण के असंतुलन को बेतहाशा बढ़ाया है। तापमान में भी साल-दर-साल बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। जहां तापमान ने नए रिकॉर्ड्स बनाने शुरू कर दिए हैं वहीं, भारी बारिश के कारण बाढ़ के हालात बन रहे हैं। ग्लोबल वार्मिंग के कारण मौसम को लेकर अनिश्चितता बढ़ती जा रही है। सरकारों को नीतिगत फैसला लेकर बदलते मौसम की चुनौतियों को गंभीरता से लेना होगा। समय रहते बचाव के लिये नीतिगत फैसले नहीं लिए गए तो एक बड़ी आबादी के जीवन पर संकट मंडराएगा। यह संकट तीखी गर्मी से होने वाली बीमारियों व लू से होने वाली मौतें ही नहीं होंगी, बल्कि हमारी कृषि एवं खाद्य सुरक्षा शृंखला भी प्रभावित होगी। हालिया अध्ययन बता रहे हैं कि मौसमी तीव्रता से फसलों की उत्पादकता में भी कमी आई है।

दरअसल, मौसम की यह तल्खी केवल भारत ही नहीं ,वैश्विक स्तर पर नजर आ रही है। एशिया के अलावा यूरोप व अमेरिकी देशों में भी तापमान में अप्रत्याशित बदलाव नजर आ रहा है। सरकारों को मानना होगा कि वैसे तो प्रकृति किसी तरह का भेदभाव नहीं करती मगर सामाजिक असमानता के चलते वंचित समाज इसकी बड़ी कीमत चुकाता है। सरकार रेड अलर्ट व ऑरेंज अलर्ट की सूचना देकर अपने दायित्वों से पल्ला नहीं झाड़ सकती। खासकर ऐसे समय में जब हरियाणा व राजस्थान में पारा पचास पार करके गंभीर चुनौती का संकेत दे रहा है।

# आग से बस खाक, 40 यात्रियों ने कूदकर बचाई जान

## रायपुर में रेडियेटर में ओवर हीटिंग से हादसा, एक महिला घायल



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** रायपुर के अभनपुर में चलती बस में आग लग गई। बताया जा रहा है कि रेडिएटर ओवर हीटिंग होने की वजह से आग भड़की और बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई। बस बस्तर से रायपुर आ रही थी। इस दौरान अभनपुर मोड़ पर ये हादसा हुआ। बस में करीब 40 यात्री सवार थे, जिसमें एक महिला के घायल होने की सूचना है। बाकी यात्री सुरक्षित हैं।

अभनपुर थाना प्रभारी सिद्धेश्वर सिंह ने कहा कि बस में सवार यात्रियों ने बताया कि कुरूद के आसपास बस से तेज हीटिंग हो रही थी। इसके अलावा रेडिएटर के पास से धुआं भी उठ रहा था। बस महिंद्रा कंपनी की थी। ड्राइवर ने बीच रास्ते में गाड़ी रोककर रेडिएटर में पानी डाला और ठंडा करने की कोशिश की, फिर बस साढ़े 11 बजे के आसपास अभनपुर मोड़ पहुंची।

**रेडिएटर वाले हिस्से से काला धुआं उठा और आग लग गई:** अभनपुर के पास बस के रेडिएटर वाले हिस्से से काला धुआं उठाना शुरू हो गया, जो बस के अंदर भरने लगा। घबराकर यात्रियों ने बस के दरवाजे और खिड़कियों से कूदकर अपनी जान बचाई। इस दौरान एक महिला गिरकर घायल हो गई, जिसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

**फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग पर पाया काबू:** थाना प्रभारी के मुताबिक, इस घटना में आग से किसी भी यात्री के घायल होने की जानकारी नहीं है। अभनपुर नगर पंचायत की फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया, लेकिन बस पूरी तरह जलकर गई। यात्री सुरक्षित हैं, ड्राइवर और कंडक्टर को भी चोंट नहीं आई है।

**गर्मी की वजह से ओवर हीटिंग:** पुलिस की शुरुआती जांच में मामला गर्मी की वजह से ओवर हीटिंग का लग रहा है। बस में पहले से ही यात्री हीटिंग की शिकायत कर रहे थे, जिसके बाद ड्राइवर ने बस रोक कर जांच भी की। हालांकि फिर उसने बस रायपुर की ओर बढ़ा दी। बताया जा रहा है कि यात्रियों ने तेजी से उतर कर अपनी जान बचाई, वरना एक बड़ा हादसा हो सकता था।

## बिजली सुधारते समय लाइनमैन का जला हाथ

# इंजीनियर ने झूठ बोलकर खंभे पर चढ़ाया, कहा था- बिजली सप्लाई बंद है



**बिलासपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में इंजीनियर ने बगैर सेफ्टी के संविदा कर्मचारी को सब स्टेशन के खंभे पर चढ़ा दिया। इस दौरान लाइनमैन ने जैसे ही बिजली तार को हाथ लगाया, उसका हाथ जल गया। इस हादसे के बाद मौजूद कर्मचारियों ने उसे आनन-फानन में नीचे उतारा और अस्पताल में भर्ती कराया।

कर्मचारी के करंट से झुलसने का टप्क्म्व् भी सामने आया है, जिसमें वह खंभे पर चिपका हुआ नजर आ रहा है। कुछ कर्मचारी उसे उतारकर अस्पताल ले जाते दिख रहे हैं। घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की है।

**शनिचरी बाजार के पास ट्रांसफार्मर में ब्लास्ट:** दरअसल, भीषण गर्मी में ओवरलोड के चलते शनिचरी बाजार के पास ट्रांसफार्मर में गुरुवार की शाम ब्लास्ट हो गया। आसपास के लोगों ने इसकी शिकायत बिजली विभाग के अफसरों से की। इस दौरान अधिकारियों के निर्देश पर विभाग के लाइनमैन और संविदा कर्मचारी मौके पर पहुंच गए।

वहां, विभाग के इंजीनियर भी मौजूद थे। उन्होंने बिजली सप्लाई बंद किए बगैर ही कर्मचारियों को सब स्टेशन के खंभे में चढ़कर तार को जोड़ने के लिए कहा।

**तार को छूते ही जल गया हाथ, कपड़ों में भी लगी आग:** बिजली विभाग के संविदा कर्मचारी रोहित कुमार ध्रुव ने बताया कि इंजीनियर ने जब उसे खंभे में चढ़ने के लिए बोला, तब उसने बिना सेफ्टी के खंभे में चढ़ने से मना किया। साथ ही बिजली सप्लाई बंद कराने के लिए बोला, लेकिन इंजीनियर ने उसकी एक नहीं सुनी और सीधे खंभे में चढ़ने के लिए दबाव बनाया।

जैसे ही वह खंभे में चढ़कर बिजली तार को हाथ लगाया, उसके हाथ में करंट से आग लग गई और कपड़े भी जल गए। इस दौरान वह खंभे से चिपक गया था। आनन-फानन में वहां मौजूद कर्मचारियों ने उसे किसी तरह नीचे उतारा और फिर उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गए। कर्मचारी को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**इंजीनियर ने झूठ बोलकर खंभे पर चढ़ाया:** बताया जा रहा है कि जब संविदा कर्मचारी ने बिजली सप्लाई बंद करने की बात कही, तब इंजीनियर ने उसे झूठ बोल दिया और बताया कि बिजली सप्लाई बंद कर दी गई है, तार को छूने पर उसे कुछ नहीं होगा।

इंजीनियर के इस बर्ताव से कर्मचारियों में आक्रोश है। उनका कहना है कि इंजीनियर ने कर्मचारी की जान की परवाह किए बगैर जानबूझकर उसे खंभे पर चढ़ाया, जिससे कर्मचारी करंट से झुलस गया।

**सोशल मीडिया में वायरल हो रहा हादसे का वीडियो:** इस घटना के बाद कर्मचारियों में रोष है। कर्मचारियों का कहना है कि अधिकारी सुरक्षा उपाय के बिना ही खंभों पर चढ़ा रहे हैं। वहीं, इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि वीडियो को मौजूद किसी प्रत्यक्षदर्शी ने बताया है।

इस वीडियो में करंट से झुलस कर घायल कर्मचारी खंभे में चिपका हुआ दिख रहा है और कर्मचारी उसे नीचे उताकर ऑटो में अस्पताल लेकर जा रहे हैं।

# बेटे ने बुजुर्ग मां को मार दिया चाकू

## घर का बंटवारे को लेकर किया विवाद, बीच-बचाव करने आए छोटे भाई पर भी किया हमला, केस दर्ज



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर में अधेड़ ने घर का हिस्सा मांगते हुए अपनी बुजुर्ग मां पर चाकू से हमला कर दिया। इस दौरान बीच-बचाव करने आए छोटे भाई को भी उसने चाकू मार दिया। इस हमले में उसकी मां और भाई घायल हो गए। घटना तोरवा थाना क्षेत्र की है। स्वास्तिक अस्पताल के सामने रहने वाले डेनियल मसीह ने बताया कि वह घर में अपनी मां सुकृता मसीह के साथ रहता है। वो आपस में तीन भाई हैं और सभी की शादी हो चुकी है। तीनों भाई अलग-अलग रहते हैं। डेनियल फर्नीचर की दुकान करता है। वहीं, उसका बड़ा भाई शैलेष मसीह देवरीडीह में रहता है।

**हिस्से की मांग कर मां पर किया हमला:** उसने बताया कि गुरुवार को उसका बड़ा भाई शैलेष मसीह देवरीडीह से उसकी मां से मिलने आया। इस दौरान वह मां से मकान के ऊपर के कमरे को देने की मांग करने लगा। उसकी मां ने कहा कि अभी घर का हिस्सा नहीं हुआ है तो वो कैसे दे दे। इस पर शैलेष ने गाली-गलौज करते हुए चाकू निकाल कर हमला कर दिया।

**छोटे भाई को भी मार दिया चाकू:** इस हमले में उसकी मां घायल हो गई। जिसके बाद वह बीच-बचाव करने आया, तब उसके बड़े भाई ने चाकू से बड़ा हथियार चापड़ लेकर आ गया और फिर डेनियल पर हमला कर दिया। इस हमले में डेनियल के हाथ में चोंट लगी है। दोनों मां-बेटे ने अस्पताल में इलाज कराने के बाद घटना की शिकायत तोरवा थाने में की है, जिस पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

# दुर्ग की छात्रा से बिलासपुर में रेप

## फेसबुक पर दोस्त कर शादी का वादा, ब्लैकमेल कर वसूले पैसे, आरोपी गिरफ्तार



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में दुर्ग की एक छात्रा से दोस्ती कर पंडिरया के युवक ने रेप किया है। उसे बदनाम करने की धमकी दी और ब्लैकमेल कर पैसे भी वसूल लिए। पीड़ित छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

पुलिस के अनुसार, दुर्ग निवासी 21 वर्षीय युवती कोतवाली क्षेत्र में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही है। फेसबुक के माध्यम से उसकी पहचान पंडरिया क्षेत्र के किशुनगढ़ निवासी रितेश चंद्राकर से हुई थी। उनकी जान-पहचान दोस्ती में बदल गई। फिर दोनों एक-दूसरे को प्यार करने लगे।

**शादी का वादा कर किया दुष्कर्म:** इस दौरान युवक ने उसके साथ शादी करने का वादा किया। युवक उससे मिलने बिलासपुर पहुंच गया। तब युवक ने बताया था कि वह रायपुर में एम्स हॉस्पिटल में काम करता है। इस दौरान उसने युवती के साथ दुष्कर्म किया। इसके साथ ही जरूरी काम का बहाना बनाकर उससे छह हजार रुपए मांगे। युवती ने उसे पैसे दे दिए।

**बदनाम करने की धमकी देकर वसूले पैसे:** युवती ने बताया कि, युवक ने बदनाम करने की धमकी दी और उससे पैसों की डिमांड करना शुरू कर दिया। बदमानी के डर कर युवती ने उसे किश्तों 93 हजार रुपए दिए। लेकिन, इसके बाद भी वह उससे पैसों की मांग करता रहा। जिससे परेशान होकर उसने मामले की शिकायत कोतवाली थाने में की है। उसकी रिपोर्ट पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी रितेश चंद्राकर को गिरफ्तार कर लिया है।

**पुलिस का दावा- कई लड़कियों को बनाया निशाना:** पुलिस का दावा है कि आरोपी युवक ने इस तरह से कई लड़कियों को अपना शिकार बनाया है। उससे पूछताछ के बाद ब्लैकमेलिंग की शिकार दूसरी लड़कियों की भी जानकारी जुटाई जा रही है। बताया जा रहा है कि वह लड़कियों को सोशल मीडिया के माध्यम से फंसाता था।

प्यार और शादी करने का झांसा देकर बदनाम करने की धमकी देकर पैसे वसूलता था। पुलिस उसके मोबाइल की जांच कर पीड़ित युवतियों की जानकारी जुटा रही है।

# देवर ने भाभी से की शादी, पिता ने लगाई आग

## भिलाई में महिला ने शोर मचाकर लोगों को बुलाया, 80 प्रतिशत झुलस गया वृद्ध



**मीडिया ऑडीटर, भिलाई एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के भिलाई में एक 65 वर्षीय बुजुर्ग ने इसलिए अपने शरीर पर मिट्टी तेल डालकर आग लगा ली, क्योंकि उसके बेटे ने अपनी ही भाभी से शादी कर ली। 80 प्रतिशत झुलस जाने से बुजुर्ग की हालत गंभीर बताई जा रही है। जामुल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक 1 जून शनिवार सुबह 9:30 बजे जामुल थाना अंतर्गत विश्वकर्मा चौक नवासी नरेंद्र पांडे (65 वर्ष) ने खुद के ऊपर डीजल छिड़क कर आग लगा ली। घर में मौजूद बहू माधुरी पाण्डेय ने जब ससुर को आग से लिपटा देखा तो उसने शोर मचाकर मोहल्ले के लोगों को बुलाया।

**लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में कराया गया भर्ती:** बताया जा रहा है कि खबर मिलते ही आसपास के लोग दौड़े और बुजुर्ग की आग को बुझाकर उसे गंभीर हालत में लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला पहुंचाया गया। सुपेला अस्पताल में बुजुर्ग का प्राथमिक इलाज किया गया।

80 प्रतिशत झुलस जाने से उसकी हालत गंभीर थी, इसलिए यहां के डॉक्टरों ने बुजुर्ग को जिला अस्पताल दुर्ग के लिए रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उसे लेकर किसी दूसरे अस्पताल लेकर गए हैं। इधर सूचना पाकर अस्पताल पहुंची जामुल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

**देवर से शादी के बाद ससुर और बहू में हो रहा था झगड़ा:** नरेंद्र पाण्डेय की बहू माधुरी पाण्डेय ने बताया कि उसके पति का स्वर्गवास हो गया था। उसके एक छोटा बच्चा था। इसलिए उसके देवर महेंद्र ने भाभी से शादी का प्रस्ताव रखा। माधुरी ने घर की इज्जत की लाज रखने के लिए देवर से शादी कर ली।

इस बात को लेकर ससुर नरेंद्र पाण्डेय काफी नाराज था। इसे लेकर ससुर और बहू के बीच पिछले 5-6 दिन से लगातार झगड़ा भी हो रहा था। झगड़ा इतना बढ़ गया था कि इसकी शिकायत जामुल थाने में भी की गई है।

**सुबह 9 बजे अचानक लगा ली आग:** माधुरी ने बताया कि उसके ससुर सुबह 9 बजे के आसपास घर में रखे फ्रिज को खोलकर उसमें रखे सामान को देख रहे थे। ससुर को ऐसा करते देख बहू घर में झाड़ू लगाने दूसरे रूम में चली गई। जब वह झाड़ू लगाकर बाहर आई तो देखा कि उसके ससुर किचन से मिट्टी तेल लाकर अपने शरीर में छिड़क रहे हैं। इससे पहले की वो उन्हें रोकती उन्होंने अपने ऊपर माचिस मार ली। घटना के बाद तत्काल बाद मधुरी ने मदद की गुहार लगाकर आस पड़ोस के लोगों बुलाया। जब तक लोग बचाने पहुंचे नरेंद्र पाण्डेय आग से बुरी तरह झुलस गए थे।

## मुंह में चुनरी बांधकर नाबालिग से रेप

**मीडिया ऑडीटर, जांजगीर-चांपा, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में नाबालिग लड़की से रेप की वारदात हुई है। घर में अकेली लड़की का मुंह दुपट्टे से बांधकर आरोपी उसे कमरे में ले गया, जहां बलात्कार किया। घटना की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, 16 साल की नाबालिग 30 मई को अपने घर पर अकेली थी। माता-पिता किसी काम से बाहर गए थे। गुरुवार की सुबह 10 बजे राजेश लहरे घर में मेहमानी में आया था। इस बीच दोपहर करीब 2.30 बजे घर में किसी के नहीं होने का फायदा उठाकर दरवाजे का बंद कर दिया।

**मुंह में चुनरी बांध कर किया दुष्कर्म:** उसके बाद नाबालिग से जबरदस्ती करने लगा। पीड़िता ने चिल्लाने की कोशिश की, लेकिन आरोपी राजेश लहरे ने उसके मुंह को चुनरी से बंद कर दिया। फिर जबरदस्ती दुष्कर्म किया।

## पंडित प्रदीप मिश्रा बोले- सनातनी 4 बच्चे पैदा करें

# शिव महापुराण कथा में कहा- 2 अपने और 2 राष्ट्र के लिए

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** दुर्ग जिले के अमलेश्वर में चल रही शिव महा पुराण कथा में पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि सनातनियों को चार बच्चे पैदा करना चाहिए। दो अपने लिए और दो राष्ट्र के लिए। जब तक कानून नहीं आता तब तक ज्यादा बच्चे पैदा करें। उन्होंने आगे कहा कि धर्म में राजनीति और राजनीति धर्म में चलता आया है।

इससे पहले उन्होंने लड़कियों को लव मैरिज न करने की सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि बेटियां लव मैरिज के चक्कर में न पड़ें। प्रदीप मिश्रा ने लड़कियों को परिवार के सुझाए गए रिश्ते पर ही ध्यान देने और अरेंज मैरिज करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि आप स्कूल जाएंगी, कॉलेज जाएंगी, ट्यूशन जाएंगी। वहां आपको 100 तरह के लड़के मिलेंगे। मगर इन 100 लड़कों के साथ आप 100 साल की जिंदगी नहीं जी सकते। आपके पापा ढूंढ़कर लाएंगे, उसके साथ जिंदगी 100 साल तक सही जी सकते हैं।

**गर्मी से मौत के बाद भी लाखों लोग कथा सुनने पहुंच रहे:** अमलेश्वर में 26 मई से पंडित प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण कथा चल रही है। 2 जून तक चलने वाले इस आयोजन में हर दिन 1 लाख के आस-पास लोग पहुंच रहे हैं। कथा का क्रेज इसी से समझिए कि यहां 29 मई को आए 70 साल के एक बुजुर्ग की मौत हो गई थी। धरसींवा के तीरथ राम साहू को चक्कर आ गया था। परिजन उप स्वास्थ्य केंद्र अमलेश्वर ले गए, जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद भी भीड़ हर दिन बढ़ रही है। लोगों को पंडाल में जगह नहीं मिल रही। सड़क और नालियों के किनारे बैठकर लोग कथा सुन रहे हैं।

**अलग-अलग प्रदेशों से भी पहुंच रहे श्रद्धालु:** यहां झारखंड, बिहार, बंगाल, पंजाब, मध्यप्रदेश से भी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। 50 हजार से ज्यादा तो महिलाएं आई हैं। किसी के साथ दुधमुंहा बच्चा है, तो किसी के साथ बुजुर्ग हैं। गर्मी लू और तपिश झेलकर भी ये सभी लोग पंडाल में ही रात गुजार रहे हैं। आयोजन समिति और कुछ सामाजिक संस्थाएं यहां भोजन के लिए भंडारा चला रही हैं। पंडाल में पड़े तिरपाल को ही बिछाकर यहां महिलाएं रात में सो रही हैं। 20 से ज्यादा महिलाएं बीते दो से तीन दिन में गर्मी से बेहोश हो चुकी हैं। बीते दिनों के मौसम को समझें तो रायपुर में 30 मई को 46.8 और 31 मई को पारा 45 डिग्री के पार ही रहा है।

**सीएम साय की पत्नी कौशल्या साय ने भी सुनी कथा:** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पत्नी कौशल्या साय भी शुक्रवार को कथा सुनने पहुंचीं। मंच पर जाकर उन्होंने आशीर्वाद भी लिया। इस मौके पर छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव, महामंत्री संजय श्रीवास्तव और कांग्रेस नेता सुबोध हरितवाल भी मौजूद रहे। इस दौरान पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा- बार-बार जन्म होगा, मृत्यु होगी। मृत्यु लोक में जन्म लेना सरल है, लेकिन महादेव की भक्ति और कीर्तन पाना कठिन है। यहां 46 से 47 डिग्री की भीषण गर्मी के बाद भी आप सब भगवान शिव की कथा का लाभ लेने पहुंचे हैं।

# बिलासपुर में अरपा नदी में रेत का अवैध उत्खनन

## भीषण गर्मी में रात में सक्रिय हुए माफिया, जगह-जगह धड़ल्ले से चल रहा खेल



**बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर में अरपा नदी में बेखौफ अवैध उत्खनन चल रहा है। भीषण गर्मी में रेत माफिया अब दिन के बजाय रात में सक्रिय हैं। स्थिति यह है कि तोरवा के दयालबंद और दोमुहानी से लेकर घुटकू तक अवैध उत्खनन चल रहा है।

इसका खुलासा कलेक्टर के अवनीश शरण के निर्देश पर खनिज विभाग ने रात में छापेमारी की तब हुआ। जांच के दौरान अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन करने वाले पांच वाहनों को जब्त कर मालिकों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

**अवैध उत्खनन और परिवहन रोकने में नाकाम:** दरअसल, हाईकोर्ट ने जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान अरपा नदी से अवैध रेत उत्खनन और परिवहन पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया है, लेकिन इसके बाद भी खनिज विभाग का अमला अवैध उत्खनन और परिवहन पर रोक लगाने में नाकाम साबित हो रहा है।


कमीशनखोरी और अफसरों की मिलीभगत से रेत माफिया दयालबंद , दोमुहानी से लेकर कोनी, तुर्काडीह, सेंदरी और घुटकू तक सक्रिय है, जहां खुलेआम अवैध उत्खनन चल रहा है।

**बारिश से पहले रेत डंपिंग का चल रहा खेल:** बताया जा रहा है कि अब मानसून आने वाला है। ऐसे में अरपा नदी में पानी आने पर रेत उत्खनन बंद हो जाएगा। इसके चलते रेत ठेकेदारों के साथ ही अवैध रूप से रेत उत्खनन करने वाले माफिया धड़ल्ले से रेत उत्खनन और परिवहन करने में जुटे हुए हैं, जो नियमों को ताक में रखकर शहर के अंदर और आउटर में जगह-जगह रेत डंप कर रहे हैं। खनिज विभाग के अफसरों को इस अवैध कारोबार पर चुप्पी साधकर बैठ गए हैं।

**कलेक्टर के निर्देश पर रात में की छापेमारी:** कलेक्टर अवनीश शरण ने खनिज विभाग को अलर्ट किया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अफसर मैदानी इलाकों में निकलकर खनिज उत्खनन और परिवहन करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई करें। उनके निर्देश के बाद खनिज विभाग के अधिकारियों ने रात में छापेमारी की।

इस दौरान टीम ने दयालबंद-मस्तूरी क्षेत्र में रेत से भरे चार हाइवा और एक हाइवा को चूना पत्थर, गिट्टी का अवैध परिवहन करते जब्त किया। जिसके बाद इन वाहनों के मालिकों पर खनिज अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है।

## दुनिया के सबसे खतरनाक सीरियल किलर रॉर्बर्ट पिक्टन की हत्या



**कनाडा (एजेंसी)।** कनाडा की जेल में बंद दुनिया के सबसे खतरनाक सीरियल किलर्स में एक रॉबर्ट पिक्टन (74) की हत्या कर दी गई है। जेल प्रशासन ने कहा कि 19 मई को उस पर जानलेवा हमला हुआ था। इसके बाद उसे क्यूबेक के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार (31 मई) को उसकी मौत हो गई।

पिक्टन को 90 के दशक में 49 महिलाओं की बेरहमी से हत्या की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। हालांकि वह सिर्फ 6 महिलाओं की हत्या के लिए दोषी पाया गया। उस पर आरोप था कि वह सेक्स वर्कर्स की हत्या कर उसके अंगों को अपने पिग फार्म के सूअरों को खिला देता था। पिक्टन कनाडा की वैंकूअर जेल में उम्रकैद की सजा काट रहा था।

पुलिस के मुताबिक पिक्टन पर हमला करने वाले 51 साल के कैदी को कस्टडी में रखा गया है। हालांकि, पुलिस ने हमलावर कैदी के नाम का खुलासा नहीं किया है। पुलिस हत्या के कारण की जांच में जुटी हुई है। पिक्टन की बर्बरता का शिकार हुई एक पीड़िता की बहन सिंथिया कार्डिनल ने न्यूयॉर्क टाइम्स से कहा कि वह इस खबर को सुनकर बेहद खुश है। अब वह अपनी बहन की मौत की घटना को भूलकर आगे बढ़ सकती है।

रॉबर्ट पिक्टन को 2007 में ड्रग एडिक्ट लड़कियों और यौनकर्मियों की हत्याकर उनके शवों के अंगो को काटकर सूअरों को खिलाने का दोषी पाया गया था। हालांकि, जांचकर्ताओं को सिर्फ 6 महिलाओं के अवशेष मिले थे। इसके अलावा जांचकर्ताओं को कम से कम 33 महिलाओं के ध्र्व मिले थे। हालांकि सबूतों के अभाव में पिक्टन पर इनकी हत्याओं का दोष नहीं लगा।

**50 कत्ल करना चाहता था रॉबर्ट पिक्टन:** एक बार पूछताछ के दौरान रिकॉर्ड किए गए एक वीडियो में पिक्टन ने कहा था कि वह सिर्फ एक और महिला का कत्ल कर 50 का रिकॉर्ड बनाना चाहता था। पिक्टन उन महिलाओं को अपना शिकार बनाता था जो यौनकर्मी थीं, घर से भागी हुई थीं या नशीली दवाओं की लत और मानसिक स्वास्थ्य से पीड़ित थीं।

# साउथ-अफ्रीका में बहुमत पाने से चूकी मंडेला की पार्टी

### पहली बार बनेगी गठबंधन सरकार; सेक्स स्कैंडल से सत्ता गंवाने वाले जैकब जुमा बने किंगमेकर



**जोहान्सबर्ग (एजेंसी)।** साउथ अफ्रीका में 29 मई को आम चुनाव हुए थे। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक अब तक 99.50त्न वोटों की गिनती हो चुकी है। इसमें नेल्सन मंडेला की पार्टी अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस को सबसे अधिक 40.21त्न वोट हासिल हुआ है, लेकिन वह सरकार बनाने के लिए जरूरी 50त्न वोट हासिल नहीं कर पाई। 30 साल में पहली बार ऐसा हो हुआ है कि अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस को बहुमत नहीं मिला है।

वहीं, सैक्स सकैंडल और भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते सत्ता गंवाने वाले साउथ अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति जैकब जूमा की पार्टी तीसरे नंबर पर रही है। उन्हें 14.61 प्रतिशत वोट मिले हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वो किंगमेकर की भूमिका निभा सकते हैं। जैकब जुमा ने कई इलाकों में एएनसी के वोट में सेंधमारी की है। इसी के चलते एएनसी बहुमत हासिल करने से चूक गई। दरअसल, 2018 में एएनसी से निकाले जाने के बाद जुमा ने 2019 में अपनी अलग पार्टी एमके बनाई थी।

मुख्य विपक्षी पार्टी डेमोक्रेटिक अलायंस को 21.79 प्रतिशत वोट मिला है। वाम विचारधारा वाली पार्टी श्वस्नस्न को अब तक 9.48त्न वोट मिला है। दक्षिण अफ्रीका में इस बार सबसे अधिक 70 पार्टियां मैदान में उतरी थीं। देश में करीब 2.78 करोड़ वोटर हैं। साउथ अफ्रीका की संसद में 400 सीटें हैं। किसी भी पार्टी को सरकार बनाने के लिए 201 सीटें चाहिए।

अगर सरकार चला रही ्रहृष्ट को चुनाव के बाद बहुमत नहीं मिल पाता है तो राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा को दूसरे सहयोगी दलों का समर्थन हासिल करना होगा। ऐसी स्थिति में पहली बार देश में गठबंधन की सरकार बन सकती है।

जानकारों का मानना है कि इस चुनाव में लगभग 18 फीसदी वोटिंग शेयर का नुकसान झेलने वाली पार्टी ्रहृष्ट के पास अब सिर्फ 2 विकल्प रह गए हैं। या तो वह भ्रष्टाचार के आरोप में पार्टी से निकाल चुके जैकब जुमा के साथ समझौता कर ले या फिर वो अतिवामपंथी पार्टी श्वस्नस्न के साथ मिलकर सरकार बनाए।

# एग्जिट पोल से पहले खड़गे का दावा- 295 सीटें जीतेंगे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के एग्जिट पोल से एक घंटे पहले कांग्रेस ने इंडिया को कम से कम 295 सीटें मिलने का दावा किया। यह ऐलान गठबंधन की बैठक के बाद किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 1 जून को कहा कि इंडिया की बैठक ढाई घंटे से ज्यादा चली। उन्होंने बताया कि हमने चुनाव के दौरान हुई कमजोरियों और ताकत पर चर्चा की। उन्होंने जोर देकर कहा कि इंडिय्रा गठबंधन की 295 और उससे ज्यादा सीटें आएंगी। इससे कम तो नहीं आएंगी, ये हमने आकलन किया है। हमारे सभी नेताओं से पूछने के बाद यह आंकड़ा मिला है और इस आंकड़े में कोई बदलाव नहीं है। खड़गे ने मीडिया से कहा, हम यूनाइटेड हैं, आप हमें डिवाइड क्यों कर रहे हैं। हम सभी लोग एक साथ हैं। हम एक हैं, एक रहेंगे, हमें डिवाइड करने की कोशिश नहीं करें। हमने निर्णय लिया है कि हम लोग एग्जिट पोल डिबेट में चर्चा करेंगे। इंडिया की बैठक में 23 नेता शामिल हुए। ममता बनर्जी शामिल नहीं हुईं।

## कन्याकुमारी में पीएम मोदी की साधना खत्म

**कन्याकुमारी (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री मोदी का आज तीसरे दिन सूर्य को अर्घ्य दिया और अपनी ध्यान साधना शुरु की थी जिसके बाद उन्होंने दोपहर को ध्यान साधना को समाप्त कर दिया। पीएम मोदी ने विवेकानंद रॉक मेमोरियल में ठीक उसी जगह पर अपना ध्यान किया, जहां स्वामी विवेकानंद ने साधना की थी। आपको बता दें कि सूर्य अर्ध्य एक अध्यात्मिक अभ्यास से जुड़ी एक परंपरा है, जिसमें भगवान सूर्य को अर्पित कर उन्हें नमन किया जाता है। मोदी इन दिनों भगवा वस्त्र पहने हुए थे। पीएम मोदी ने लोटे से भगवान सूर्य को जल अर्पित किया और माला से जाप किया। साथ उन्होंने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि भी अर्पित की। वह अपने हाथों में 'जाप माला' लेकर मंडपम के चारों ओर चक्कर लगाते दिखे। कन्याकुमारी सूर्योदय और सूर्यास्त के दृश्यों के लिए मशहूर है और मेमोरियल तट के पास एक छोटे-से टापू पर स्थित है। पीएम मोदी ने 30 मई की शाम को विवेकानंद रॉक मेमोरियल में ध्यान साधना शुरु की थी। उन्होंने 45 घंटे तक अन्न नहीं खाया। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान उन्होंने केवल तरल आहार ही ग्रहण किया। इन दिनों वे ध्यान कक्ष से बाहर नहीं निकले और मौन रहे।

# अधिक पानी के लिए हरियाणा को निर्देश देने के अनुरोध संबंधी याचिका पर 3 जून को होगी सुनवाई



नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय दिल्ली सरकार की उस याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा, जिसमें हरियाणा को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वह हिमाचल प्रदेश द्वारा उपलब्ध कराए गए अतिरिक्त पानी को राष्टीय राजधानी के लिए जारी करे, ताकि यहां का जल संकट दूर किया जा सके। उच्चतम न्यायालय की वाद सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति पी. के. मिश्रा और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की अवकाशकालीन पीठ द्वारा मामले की सुनवाई किये जाने की संभावना है। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी की याचिका में केंद्र, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित हरियाणा और कांग्रेस शासित हिमाचल प्रदेश को पक्षकार बनाते हुए कहा गया है कि पानी की उपलब्धता जीवन के लिए बहुत आवश्यक है और यह बुनियादी मानवाधिकारों में से एक है। याचिका में कहा गया है, ''पानी की उपलब्धता किसी भी व्यक्ति के बुनियादी मानवाधिकारों में से एक है। पानी न केवल जीने के लिए आवश्यक है, बल्कि पानी तक पहुंच संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गरिमा एवं गुणवत्तापूर्ण जीवन की गारंटी का एक अनिवार्य घटक भी है।

## मालीवाल बोलीं- केजरीवाल न मिलने आए, न ही फोन किया

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लेकर अपनी निराशा जाहिर की। मालीवाल ने केजरीवाल आज तक न तो मुझे फोन किया, न ही मुझसे मिलने आए और न ही उन्होंने मेरी कहीं कोई मदद की। पूरी पार्टी इस समय बिभव कुमार के साथ खड़ी है। ऐसे में मैं बहुत दुखी हूं, क्योंकि हर मुद्दे पर अपनी राय रखने वाले केजरीवाल ने मेरे मुद्दे पर मेरा साथ देना, मेरे लिए स्टैंड लेना या मेरे मुद्दे पर बात करना जरूरी नहीं समझा। उन्होंने आगे कहा कि

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, वर्तमान केंद्रीय कैबिनेट को 5 जून को देंगी फेयरवेल डिनर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देशभर में आज यानि 1 जून को सातवें चरण की वोटिंग समाप्त हो जाएगी। इसके बाद 4 जून को नतीजे घोषित होंगे। वहीं मौजूदा 17 वीं लोकसभा कार्यकाल का समापन 16 जून को हो जाएगा, जबकि इससे पहले नई सरकार बन जाएगी। 5 जून को राष्ट्पति द्रौपदी मुर्मू पीएम मोदी वाले केंद्रीय मंत्रिपरिषद को फेयरवेल डिनर देंगी। देश में दशकों से यह प्रथा रही है कि राष्टपति की ओर से निर्वतमान होने वाली केंद्रीय कैबिनेट को राष्टपति फेयरवेल डिनर के लिए आमंत्रित करते हैं। जानकारी के लिए बता दें कि देश में 7 चरणों में मतदान का आयोजन किया गया था। यह उत्सव 19 अप्रैल से लेकर 1 जून तक चला। चुनाव खत्म होने के दूसरे दिन यानि की अरुणाचल और सिक्किम विधानसभा चुनाव के परिणाम 2 जून को घोषित होंगे, जबकि ओडिशा और आंध्र प्रदेश के परिणाम 4 जून को आम चुनावों के नतीजों के साथ ही आएंगे।

# सीता सोरेन ने मतदान में गड़बड़ी का आरोप लगाया, दुमका में दोबारा मतदान की मांग की

**रांची (एजेंसी)।** दुमका लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार सीता सोरेन ने शनिवार को मतदान प्रक्रिया में अनियमितता का आरोप लगाया और कहा कि वह चुनाव आयुक्त से निर्वाचन क्षेत्र में फिर से मतदान कराने के लिए कहेंगी। उनका दावा है कि मतदान प्रक्रिया में जानबूझकर देरी की गई है। उन्होंने कहा कि मैंने दुमका शहरी क्षेत्र के कई बूथों का दौरा किया और अनियमितताएं पायीं। इस संबंध में मैंने उपायुक्त को जानकारी दे दी है। अनुभवहीन बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को तैनात किया गया है, जिससे मतदाताओं को परेशानी हो रही है। इसके अलावा उन्होंने जानबूझकर देरी करने का आरोप लगाते हुए कहा, जानबूझकर देरी की जा रही है। मैं चुनाव आयोग को यहां मतदान रद्द करने और दोबारा मतदान कराने के लिए लिखूंगी। सीता ने मतदाताओं से शिकायत मिलने के बाद इस मुद्दे पर प्रकाश डाला कि बूथ संख्या 44 और 45 पर मतदान में देरी हुई।

हालांकि, मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के रवि कुमार ने उनके आरोपों को खारिज कर दिया और कहा कि तीन लोकसभा क्षेत्रों- दुमका, राजमहल और गोड्डा में मतदान सुचारू रूप से चल रहा है। गौरतलब है कि सीता सोरेन जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी हैं।

# बंगाल में हिंसा, तालाब में फेंकी गई ईवीएम

**कोलकाता (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव 2024 के सातवें और अंतिम चरण के लिए अब तक मतदान तेज हो गया है, शनिवार शाम 5 बजे तक 58.34 प्रतिशत मतदान हुआ। सात राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश (यूटी) की 57 सीटों पर मतदान चल रहा है। उत्तर प्रदेश के वाराणसी से लगातार तीसरी बार चुनाव लड़ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत प्रमुख उम्मीदवार दौड़ में हैं। लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कंगना रनौत, अभिषेक बनर्जी, मीसा भारती और पवन सिंह प्रमुख उम्मीदवारों में शामिल हैं। नतीजों की गिनती 4 जून को होगी। कोलकाता सहित बंगाल के कुछ हिस्सों में एक बार फिर हिंसा हुई, जहां शुक्रवार को जादवपुर के भांगर में बम फेंके गए और इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) के उम्मीदवार नूर खान की कार में तोड़फोड़ की गई। आज सुबह भी अराजकता जारी रही क्योंकि पुलिस ने जादवपुर बूथ पर भीड़ को पीछे हटाने के लिए लाठीचार्ज किया। कई उल्लेखनीय लोगों ने वोट डाला है, जिनमें भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा, राजद संरक्षक लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और उनकी बेटी और सारण से उम्मीदवार रोहिणी आचार्य, आप सांसद राघव चड्ढा और उनके सहयोगी और पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह, अभिनेता और भाजपा के मंडी से उम्मीदवार शामिल हैं।

पीएम मोदी ने मतदाताओं से बड़ी संख्या में आने और हमारे लोकतंत्र को अधिक जीवंत और सहभागी बनाने का आग्रह किया है। बंगाल के दक्षिण 24 परगना के कुलतली में हिंसा की सूचना मिली थी, जहां कथित तौर पर तृणमूल कांग्रेस समर्थकों द्वारा धमकी दी गई भीड़ ने एक ईवीएम को तालाब में फेंक दिया था।

## अब तक के रुझानों से हुआ साफ, 4 जून को इंडिया गठबंधन की बनने जा रही सरकार- राहुल गांधी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जैसे-जैसे देश मतदान के अंतिम चरण की ओर बढ़ रहा है, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत के लिए एक परिवर्तनकारी क्षण की घोषणा करते हुए कहा कि 4 जून को इंडिया गठबंधन सरकार बनने जा रही है। राहुल गांधी ने एक्स पर एक ट्वीट में कहा, प्रिय साथी नागरिकों, आज सातवें और अंतिम चरण के लिए मतदान का दिन है, और अब तक के रुझान संकेत देते हैं कि देश में इंडिया की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने मतदाताओं की दृढ़ता पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा, चिलचिलाती गर्मी के बावजूद, आप सभी लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए मतदान करने के लिए बाहर आए हैं। राहुल गांधी ने नागरिकों से निर्णायक रूप से अपना वोट डालने का आग्रह किया। राहुल गांधी ने कहा, आज, बड़ी संख्या में बाहर आएं और अपने वोट से इस सरकार को अंतिम झटका दें, जो अहंकार और उत्पीड़न का प्रतीक बन गई है। उन्होंने इस क्षण के महत्व पर जोर देते हुए भविष्यवाणी की, 4 जून का सूरज देश में एक नई सुबह लेकर आएगा। इसी तरह की भावनाओं को दोहराते हुए कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कहा कि यह स्पष्ट हो गया है कि इंडिया की सरकार बनने जा रही है।

# सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार को बड़ी राहत, मानहानि मामले में मिली जमानत, राहुल गांधी भी होंगे पेश



**बैगलुरू (एजेंसी)।** बेंगलुरु की एक अदालत ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा दायर मानहानि मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उनके डिप्टी डीके शिवकुमार को जमानत दे दी। यह मामला भाजपा के आरोपों के इर्द-गिर्द घूमता है कि कांग्रेस नेताओं ने तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई सहित भाजपा नेताओं को निशाना बनाते हुए झूठे विज्ञापन प्रसारित किए। शनिवार को सिद्धारमैया और शिवकुमार 42वें अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट के सामने व्यक्तिगत रूप से पेश हुए। उनकी याचिका पेश होने के बाद अदालत ने दोनों नेताओं को जमानत देने का फैसला किया। भाजपा नेता द्वारा दायर मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सात जून को बेंगलुरु की अदालत में पेश होने को कहा गया।

बीजेपी द्वारा दायर मानहानि मामले में अदालत में पेश होने के बाद कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि मैं कानूनी अभिभावक के रूप में न्यायाधीश के समक्ष उपस्थित हुआ। मुझे जमानत मिल गयी है। मेरे, केपीसीसी अध्यक्ष डीके शिवकुमार और राहुल गांधी के खिलाफ भी एक निजी शिकायत दर्ज की गई थी। राहुल गांधी भी कोर्ट में पेश होंगे। वाल्मिकी निगम मामले पर उन्होंने कहा, किसी को बचाने का सवाल ही नहीं है। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगीष। एसआईटी का गठन कर दिया गया है और जांच तेज गति से चल रही है। भाजपा के विधानपरिषद सदस्य एवं महासचिव केशव प्रसाद ने कांग्रेस नेताओं सिद्धारमैया, शिवकुमार एवं राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज किया था। सभी लोक निर्माण कार्यों में 40 प्रतिशत कमीशन लेने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने पिछली सरकार के खिलाफ 'भ्रष्टाचार रेट कार्ड' भी प्रकाशित किया था।

## केजरीवाल को 2 जून को जेल जाना होगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल को 2 जून को जेल जाना ही होगा। राऊज एवेन्यु कोर्ट ने 1 जून को मेडिकल ग्राउंड पर जमानत याचिका पर सुनवाई की। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने फैसला 5 जून तक के लिए सुरक्षित रख लिया है। केजरीवाल ने 7 दिन की जमानत मांगी थी, ताकि वे अपने मेडिकल टेस्ट करवा सकें। लेकिन प्रवर्तन निदेशालय ने कोर्ट में उनकी अपील का विरोध किया। केजरीवाल को 21 मार्च को अरेस्ट किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने 10 मई को उन्हें अंतरिम जमानत दी थी, जो 1 जून को खत्म हो रही है। 2 जून को उन्हें सरेंडर करना होगा। ईडी ने कोर्ट में दावा किया कि केजरीवाल ने तथ्यों को दबाया है और अपनी सेहत को लेकर झूठे बयान दिए हैं।

# कई हिस्सों में लू से 56 लोगों की हुई मौत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को कहा कि उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत में चल रही गर्म लहर की स्थिति अगले 2-3 दिनों के दौरान धीरे-धीरे कम होने की संभावना है। 1 मार्च 2024 से अब तक हीट स्ट्रोक के कारण कम से कम 56 लोगों की मौत हो चुकी है। राष्टीय जलवायु डेटा केंद्र (एनसीडीसी) के आंकड़ों के अनुसार, अकेले मई में, दिल्ली सहित मध्य, पूर्वी और उत्तरी भारत के कई स्थानों पर भीषण लू की स्थिति जारी रहने से 46 लोगों की मौत हो गई। देश के अधिकांश भाग भीषण गर्मी की चपेट में हैं और तापमान 50 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया है। राजस्थान, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा, पूर्वी मध्य प्रदेश और विदर्भ के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान 45-48 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जा रहा है। आज के लिए मौसम विभाग ने पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ में कई स्थानों पर, उत्तराखंड, पंजाब, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर तथा हिमाचल प्रदेश, पूर्वी उत्तर प्रदेश और राजस्थान में अलग-अलग स्थानों पर भीषण गर्मी की स्थिति का अनुमान लगाया है। सात दिवसीय पूर्वानुमान के अनुसार, दिल्ली में सामान्यत: बादल छाए रहने तथा कुछ स्थानों पर लू चलने की संभावना है। आज गरज/धूल भरी आंधी के साथ बहुत हल्की बारिश तथा तेज़ हवाएँ (30-40 किमी प्रति घंटे की गति) चलने की संभावना है। आईएमडी ने कहा है कि देश के अधिकांश भागों में चल रही भीषण गर्मी अगले 2-3 दिनों में धीरे-धीरे कम होने की संभावना है। अगले 4-5 दिनों के दौरान पूर्वोत्तर भारत में भारी से बहुत भारी बारिश जारी रहने की संभावना है।

## किंग्स कप के फाइनल में अल हिलाल से हार के बाद रोने लगे क्रिस्टियानो रोनाल्डो

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सऊदी अरब की फुटबॉल लीग में अल नस्त्र से खेलने वाले क्रिस्टियानो रोनाल्डो किंग्स कप फाइनल में कट्टर प्रतिद्वंद्वी अल-हिलाल के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में हार के बाद फूट-फूट कर रोने लगे। मैच का परिणाम अपने पक्ष में नहीं आने के बाद रोनाल्डो मैदान पर लेट गए और रोने लगे। फुल टाइम और फिर एक्स्ट्रा टाइम में स्कोर 1-1 से बराबर रहने के बाद अल हिलाल ने अल नस्त्र को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हराया। अल हिलाल के गोलकीपर यासीन बूनो ने दो सेव किए और अल हिलाल की जीत के हीर रहे। शूटआउट में अल हिलाल के लिए रुबेन नेवेस और अल नस्त्र के लिए एल्केस टेलेस शूट लेने पहुंचे और दोनों ने शॉट मिस किया। इसके बाद अल हिलाल की ओर से एलेक्जेंडर मित्रोविच और नस्त्र के अली अलहसन ने अपने अपने शॉट मिस किए। अगले शॉट में अल हिलाल के नासेर ने तो गोल किया, लेकिन अल नस्त्र के मेहशारी अपना शॉट चूक गए। ऐसे में अल हिलाल ने 5-4 से जीत हासिल की। पुर्तगाली सुपरस्टार का व्यक्तिगत तौर पर शानदार सीजन था, लेकिन उन्होंने इसे ट्रॉफी रहित समाप्त किया। इससे ही वह दुखी हो गए और इतने संघर्ष के बाद ट्रॉफी नहीं जीत पाने से उनकी आंखों में आंसू आ गए।

## फैंस का टूटा दिल, माइक टायसन से यूट्यूबर जेक पॉल का मुकाबला स्वास्थ्य कारणों से हुआ स्थगित

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** माइक टायसन की यूट्यूबर जेक पॉल से रिंग में वापसी को लेकर फैंस को अभी और इंतजार करना होगा। पूर्व हैवीवेट चैंपियन फिलहाल स्वास्थ्य समस्याओं से गुजर रहे हैं और इसी के डर ने उन्हें वापसी करने से रोक लिया है। मैच को इसके बाद स्थगित कर दिया गया है। आयोजकों ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की है। टायसन जब पिछले रविवार को मियामी से लॉस एंजिल्स आ रहे थे तो उन्हें चिकित्सा इलाज की जरूरत पड़ी थी। चक्कर आने की शिकायत के बाद उन्हें ट्रीटमेंट के लिए ले जाया गया था। 20 जुलाई को टेक्सास में पॉल के साथ उनका मैच था। आयोजकों ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि टायसन को गुरुवार को डॉक्टरों के साथ फॉलो अप के बाद आने वाले हफ्तों में कम से कम ट्रेनिंग की सलाह दी गई है। इसके बाद पता चला की उन्हें अल्सर है। जिसके बढ़ने से उन्हें फ्लाइट में समस्याएं आई थीं। साथ ही बयान में कहा गया कि माइक टायसन को सलाह है कि वह अगले कुछ हफ्तों में कम से कम ट्रेनिंग करें और फिर जब मन करे तब पूरी फिटनेस ट्रेनिंग के लिए लौटें।

## आईपीएल में इम्पैक्ट खिलाड़ी का खुलासा टॉस के समय हो जाना चाहिए-सौरव गांगुली

**मुंबई ( एजेंसी )।** पूर्व भारतीय कप्तान और दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में 'इम्पैक्ट' खिलाड़ी नियम को जारी रखने के पक्ष में हैं लेकिन चाहते हैं कि टीम अपने 'इम्पैक्ट' खिलाड़ी का फैसला टॉस के समय ही करें। हाल में खत्म हुए आईपीएल सत्र के बाद 'इम्पैक्ट' खिलाड़ी नियम काफी चर्चा में रहा क्योंकि इस चरण में आठ दफा 250 रन से ज्यादा का स्कोर बना। गांगुली ने कहा कि वह चाहते हैं कि आईपीएल के आगामी सत्र में मैदान की बाउंड्री और बढ़ा देनी चाहिए। पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा, ''मुझे इम्पैक्ट खिलाड़ी नियम पसंद है। आईपीएल में सिर्फ मैं एक चीज चाहता हूं कि इसके लिए मैदान थोड़े बड़े कर देने चाहिए। सीमारेखा को थोड़ा बढ़ा देना चाहिए। '' गांगुली ने यहां एक कार्यक्रम के इतर कहा, ''यह शानदार टूर्नामेंट है। इम्पैक्ट खिलाड़ी नियम के साथ आप सिर्फ एक चीज कर सकते हो कि इसका फैसला टॉस से पहले हो जाये। टॉस से पहले खुलासा करने के लिए आपको कौशल और रणनीति की जरूरत होगी। लेकिन मैं इम्पैक्ट खिलाड़ी नियम के पक्ष में हूं। '' पृथ्वी साव का इस आईपीएल सत्र में प्रदर्शन इतना शानदार नहीं रहा लेकिन गांगुली का कहना है कि वह अब भी युवा है और छोटे प्रारूप के दाव पेच सीख रहा है। उन्होंने कहा, ''वह (साव) काफी युवा है। वह अभी 23 साल का ही है। वह अब भी सीख रहा है कि टी20 क्रिकेट कैसे खेला जाये।

# व्हीलचेयर खरीदने के लिए पैसा नहीं होने के कारण प्रभावित हो रही है पैरा निशानेबाज मोना की तैयारी



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पैरा निशानेबाजी विश्व कप में लगातार स्वर्ण पदक जीतने के बावजूद मोना अग्रवाल नई व्हीलचेयर खरीदने के लिए जरूरी धनराशि नहीं जुटा पा रही हैं जिससे उनकी पेरिस पैरालंपिक खेलों की तैयारी प्रभावित हो रही है। यह 37 वर्षीय खिलाड़ी पोलियो से ग्रस्त है और पैरा निशानेबाजी में 10 मीटर एयर राइफल (एसएच1) वर्ग में भाग लेती है। उन्होंने मार्च में नयी दिल्ली में पैरा निशानेबाजी विश्व कप में स्वर्ण पदक जीत कर भारत को पैरालंपिक खेलों के लिए नौवां और अंतिम कोटा दिलाया था।

दो बच्चों की मां मोना ने इसके बाद अप्रैल में कोरिया के चांगवोन में पैरा विश्व कप में एक और स्वर्ण पदक जीता था। प्रायोजकों से मिली सारी धनराशि उन्होंने राइफल खरीदने और कोरिया में खेली गई प्रतियोगिता में स्वयं के खर्चे पर जाने पर खर्च कर दी। अब उनके पास व्हीलचेयर खरीदने के लिए कोई धनराशि नहीं बची है। मोना ने जयपुर से पीटीआई से कहा,'' दिल्ली में पैरा विश्व कप में सफलता के बाद मुझे लक्ष्य ओलंपिक पोडियम कार्यक्रम (टॉप्स) में शामिल किए जाने की उम्मीद थी लेकिन मैं नहीं जानती कि इतनी देरी क्यों हुई।''

उन्होंने कहा,''मैंने भारतीय खेल प्राधिकरण को कई मेल लिखे हैं और उन्हें सूचित किया है कि मुझे पैरालिंपिक के लिए कुछ उपकरण अपग्रेड करने हैं, इसलिए मुझे वित्तीय सहायता की जरूरत है।'' इस निशानेबाज ने कहा,''मुझे वर्तमान वर्ष के लिए अपने प्रायोजक से 15 लाख रुपए मिले थे जो मैंने राइफल खरीदने और कोरिया में प्रतियोगिता में भाग लेने पर खर्च कर दिए। कोरिया में खेले गए विश्व कप में मैं अपने खर्चे पर गई थी। मुझे नई व्हीलचेयर खरीदने के लिए लगभग छह लाख रुपए की जरूरत है।

# युवा तेज गेंदबाजों को बहुत अधिक सीख देने की कोशिश नहीं करता-बुमराह




**न्यूयॉर्क ( एजेंसी )।** भारतीय तेज गेंदबाजों की नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक माने जाने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा कि वह युवा खिलाड़ियों को बहुत अधिक सिखाने की कोशिश नहीं करते और जब उनसे पूछा जाता है तभी मदद करते हैं क्योंकि वह उन पर किसी तरह का बोझ नहीं डालना चाहते हैं। भारत के लिए टी20 विश्व कप के अभियान में 30 वर्षीय बुमराह की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। माना जा रहा है कि वह मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह जैसे कम अनुभवी तेज गेंदबाजों के लिए मार्गदर्शक की भूमिका भी निभाएंगे। बुमराह ने टी20 विश्व कप के लिए आईसीसी की आधिकारिक वेबसाइट से कहा,'' आप बहुत अधिक सिखाने की कोशिश नहीं करते। यह कुछ ऐसा है जो मैंने सीखा है। जब भी कोई मेरे के पास मदद के लिए आता है तो मैं उसे सवाल पूछने देता हूं क्योंकि मैं बहुत अधिक जानकारी देना अच्छा नहीं समझता हूं।'' बुमराह ने कहा कि युवा खिलाड़ियों के लिए बहुत अधिक जानकारी का बोझ लिए बिना अपना मार्ग प्रशस्त करना महत्वपूर्ण होता है।

उन्होंने कहा,''ऐसा नहीं है कि वह किस्मत के सहारे यहां तक पहुंच गए हैं। मैंने अपने अनुभव से जो कुछ सीखा है उसी के बारे में उन्हें जानकारी देता हूं। लेकिन मैं उन पर जानकारी का बहुत अधिक बोझ नहीं डालना चाहता हूं क्योंकि यह भी आपकी यात्रा का एक हिस्सा होता है। आपको आगे बढ़ने के लिए अपने तरीके और समाधान ढूंढने होते हैं।'' चोटिल होने के कारण बुमराह 2022 में टी20 विश्व कप में हिस्सा नहीं ले पाए थे लेकिन उन्होंने वापसी करने के बाद 2023 में वनडे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने कहा,''कुछ चीजें मेरे अनुसार होगी तो कुछ चीजें मेरे अनुसार नहीं होंगी। यह सभी चीजें मेरी प्रक्रिया का हिस्सा होंगी। इसलिए मुझे अब एहसास हुआ है कि मैंने खेलना शुरू कर दिया है क्योंकि मैं इस खेल को पसंद करता हूं तथा परिणाम की बजाय इन चीजों पर ध्यान केंद्रित करूंगा।

## टी20 वर्ल्ड कप के पहले मैच में गेंदबाजी नहीं करेंगे मिचेल मार्श

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** टी20 वर्ल्ड कप की शुरुआत से पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम में चिंता बढ़ गई है। अक्सर चोटों से जूझने वाले उसके कप्तान मिचेल मार्श एक बार फिर चोट से जूझ रहे हैं। हालांकि, उनकी चोट ज्यादा गंभीर नहीं है और वह एहतियात के तौर पर वर्ल्ड कप के शुरूती मैच में बॉलिंग नहीं करेंगे। ऑस्ट्रेलिया को 6 जून को ओमान के खिलाफ अपने वर्ल्ड कप अभियान की शुरुआत करनी है। टीम के चीफ कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने बताया कि इस मैच में मार्श बॉलिंग नहीं करेंगे और सिर्फ बातौर बल्लेबाज मैदान पर उतरेंगे। कंगारू टीम को इसके बाद 9 जून को डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड के खिलाफ खेलना है। तब देखना खास होगा कि क्या मार्श खुद को तब भी बॉलिंग से दूर रखेंगे या फिर जरूरत पड़ने पर वह ये जिम्मेदारी उठाएंगे। मार्श इस टूर्नामेंट से पहले इंडियन प्रीमियर लीग में खेले थे। जहां वह हैमस्ट्रिंग चोट का शिकार हो गए, वह दिल्ली कैपिटल्स की ओर इस लीग में खेल रहे थे। इस चोट से पह करीब-करीब उबर गए हैं लेकिन एतहिताय के तौर पर ओमान जैसी साधारण टीम के खिलाफ वह बॉलिंग नहीं करेंगे। इससे पहले उन्होंने नामीबिया और वेस्टइंडीज के खिलाफ अभ्यास मैच भी खेले, इन दोनों प्रैक्टिस मैचों में उन्होंने 18 और 4 रन बनाए। मैकडोनाल्ड ने क्रिकेट कॉम एयू से कहा कि, उसने अभ्यास मैच खुद को परखने के लिए खेले, दूसरे अभ्यास मैच में उसने ज्यादा देर फील्डिंग की, जिससे उसका आत्मविश्वास बढ़ा होगा। वह पहला मैच खेलेगा लेकिन गेंदबाजी नहीं करेगा। वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे अभ्यास मैच में ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस, ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, कैमरून ग्रीन और ट्रेविस हेड नहीं खेले थे जो आईपीएल के बाद अभी भी यहां पहुंचे नहीं हैं।

## विराट कोहली को लेकर ये क्या बोल गए सौरव गांगुली



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का मानना है कि अगर विराट कोहली टी20 वर्ल्ड कप में भी उसी स्वतंत्रता के साथ खेलते हैं, जैसा उन्होंने इस साल आईपीएल में खेला था तो ये भारत के लिए अहम होगा। वहीं गांगुली ने कोहली के लिए सलाह भी देते हुए कहा कि उन्हें रोहित शर्मा के साथ पारी का आगाज करना चाहिए। कोहली आईपीएल 2024 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे और उन्होंने अपने आलोचकों को चुप कराने के लिए बीच के ओवरों में आक्रामक खेल दिखाया। उनका स्ट्राइक रेट भी इस सीजन आईपीएल करियर का बेस्ट था। आरसीबी के स्टार बल्लेबाज ने 15 मैचों में 741 रन बनाए। उनका औसत 61.75 और स्ट्राइक रेट 154.70 का था। गांगुली ने कहा है कि अगर टीम इंडिया को टी20 वर्ल्ड कप में अच्छा करना है तो विराट कोहली को पूरी स्वतंत्रता के साथ खेलना होगा। रेवस्पोर्ट्स पर गांगुली ने कहा कि, मैं चाहूंगा कि विराट और रोहित साथ में ओपनिंग करें। मैं चाहता हूं कि विराट कोहली उसी तरह बल्लेबाजी करें जैसे उन्होंने आईपीएल के दूसरे हाफ में आरसीबी के लिए की थी। उन्हें स्वतंत्रता के साथ बल्लेबाजी करनी होगी। कहने की जरूरत नहीं है कि वह एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं, लेकिन भारत के अच्छे प्रदर्शन के लिए विराट को आईपीएल की तरह स्वतंत्रता के साथ बल्लेबाजी करनी होगी। इसलिए मेरी पसंद टॉप क्रम में विराट और रोहित होंगे। टीम इंडिया अपने टी20 वर्ल्ड कप अभियान की शुरुआत 5 जून से करेगी। जब टीम पहला मैच आयरैलंड के खिलाफ खेलेगी। जबकि 9 जून को भारत अपने चिर परिचित प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से टकराएगी। गांगुली ने टीम को लेकर कहा कि, टीम में कई बेहतरीन खिलाड़ी हैं और वे आईपीएल के रूप में कुछ गंभीर टी20 क्रिकेट के दम पर टूर्नामेंट में उतर रहे हैं। इससे उन्हें न्यूयॉर्क में मदद मिलेगी। उनके पक्ष में एक और बात होगी की उनके मैदान बड़े हैं और इससे हमारे स्पिनरों को मदद मिलेगी। वर्ल्ड कप में आप भारत को कभी भी बाहर नहीं कर सकते, क्योंकि टीम में बहुत सारे बेहतरीन खिलाड़ी हैं।

## विराट कोहली को किस नंबर पर करनी चाहिए बल्लेबाजी, सुरेश रैना ने बताई पोजिशन


**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय क्रिकेट टीम टी20 वर्ल्ड कप 2024 में पूरी तैयारी के साथ गई है और टीम के खिलाड़ियों ने आईपीएल 2024 के जरिए शानदार तैयारी की है। इस समय वेस्टइंडीज और अमेरिका में भारतीय टीम के खिलाड़ी के लिए सबसे बड़ी समस्या कंडीशन होगी। टीम इंडिया के ज्यादातर खिलाड़ियों ने आईपीएल 2024 में अच्छा प्रदर्शन किया है और इसमें विराट कोहली सबसे ऊपर हैं। कोहली ने इस सीजन में अपनी टीम आरसीबी के लिए जमकर रन बनाए हैं। इस सीजन में ऑरेंज कैप जीतने वाली कोहली को टी20 वर्ल्ड कप 2024 में ओपनिंग करनी चाहिए या फिर उन्हें तीसरे नंबर पर ही खेलना चाहिए। इसके बारे में दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान टीम इंडिया के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर सुरेशन रैना ने बताया। सुरेश रैना ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि, विराट कोहली ने आईपीएल 2024 में आरसीबी के लिए खूब रन बनाए और इस सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे तो इस स्थिति में किया टी20 वर्ल्ड कप 2024 में उन्हें भारत के लिए ओपन करना चाहिए या फिर उन्हें तीसरे नंबर पर ही बल्लेबाजी करनी चाहिए। इसका जवाब देते हुए रैन ने कहा कि ये आपके काफी अच्छा सवाल किया है क्योंकि तपस्वी जायसवाल वहां हैं और वो भी खेलेंगे। रैना ने आगे कहा कि जिस तरह से विराट कोहली ने ओपन किया है, लेकिन वो तीसरे नंबर पर आते हैं तो फिर आप सूर्यकुमार यादव को चौथे नंबर पर खिलाओगे, फिर ऋषभ पंत, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे होंगे। मैं प्रेफर करूंगा कि विराट कोहली तीसरे नंबर पर ही खेलें, क्योंकि वहां विकेट स्लो होगा और खिलाड़ी ऐसा हो कि भागे। आपको



वहां पर चेज भी करना होगा और विराट को रन मशीन बोलते हैं और चेज कोहली भी हैं। अगर ओपनिंग में पास लेफ्ट राइट का कांबिनेशन होगा तो गेंदबाजों को मुश्किल होगी। यशस्वी अभी युवा हैं और अच्छी लय में हैं तो जमकर रन बना सकते हैं और उसके बाद विराट कोहली हैं जिनके पास अपार अनुभव है और उसके बाद आपकी बल्लेबाजी लाइनअप शानदार है तो कोहली का तीसरे नंबर पर खेलना टीम इंडिया के हित में होगा।

# पाकिस्तान के पूर्व खिलाड़ियों को टी20 विश्व कप में टीम से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद नहीं

**कराची ( एजेंसी )।** पाकिस्तान के पूर्व खिलाड़ियों को अमेरिका में शनिवार से शुरू हो रहे टी20 विश्व कप में अपनी टीम से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद नहीं है। पाकिस्तान आयरलैंड में एक टी20 मैच हार गया और फिर इस सप्ताह इंग्लैंड में उसे 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले कई बड़े खिलाड़ियों के बिना खेल रही न्यूजीलैंड की टीम ने उसे घरेलू सरजमीं पर 2-2 से बराबरी पर रोक दिया था। पूर्व कप्तान राशिद लतीफ ने कहा, '' टीम अपना संयोजन सही नहीं कर पा रही है, जो उनकी सबसे बड़ी समस्या है।'' लतीफ का मानना है कि पाकिस्तान को अपनी बल्लेबाजी बदलाव के साथ अपने स्पिनरों का अधिक उपयोग करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, '' टीम में बदलाव करने के साथ खिलाड़ियों को जरूरत के मुताबिक अपनी भूमिका में बदलाव करने के लिए तैयार रहना होगा।'' दिग्गज जावेद मियांदाद हालांकि अप्रत्याशित परिणाम की उम्मीद कर रहे है। उन्होंने कहा, '' टीम का प्रदर्शन उम्मीदों के विपरीत रहता है। इस टीम ने हमेशा टी20 विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन किया है। लेकिन उन्हें निश्चित रूप से कुछ क्षेत्रों में तेजी से सुधार करने की जरूरत है। यह टूर्नामेंट 20 टीमों का है और ऐसे में आप कुछ भी हलके में नहीं ले सकते है।'' कई क्रिकेट प्रशंसक आजम खान के चयन या प्रदर्शन से खुश नहीं हैं, जो ओवल में सस्ते में आउट हुए और दो कैच टपका दिये। विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में अपने पिता मोइन खान के नक्शेकदम पर चलने वाले आजम को गुरुवार से सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जा रहा है। आजम के अलावा हरफनमौला शादाब खान और निचले क्रम के बल्लेबाज इफ्तिखार अहमद रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे है। नसीम शाह और मोहम्मद आमिर जैसे तेज गेंदबाजों ने इंग्लैंड के खिलाफ काफी रन लुटाये।




पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के कुछ अधिकारी चिंतित हैं कि अगर टीम विश्व कप सेमीफाइनल में नहीं पहुंची, तो चैम्पियंस ट्रॉफी की तैयारियों पर इसका असर पड़ेगा। चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी पाकिस्तान को मिली है। एक अधिकारी ने कहा, ''अगर टीम अच्छा प्रदर्शन नहीं करती है, तो पाकिस्तान क्रिकेट में निवेश करने वाले प्रायोजकों और प्रसारकों की संख्या पर उलटा प्रभाव पड़ सकता है। पूर्व खिलाड़ी बासित अली ने कहा, ''मुझे लगता है कि बाबर को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करनी चाहिये और मोहम्मद रिजवान के साथ सईम (अयूब) या फखर (जमां) को पारी का आगाज करना चाहिये।

## आजम खान की फिटनेस ने बढ़ाई पाकिस्तान टीम की परेशानी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** इंग्लैंड ने पाकिस्तान को गुरुवार को चौथे टी20 मैच में 7 विकेट से मात दी। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने चार मैच की टी20 सीरीज 2-0 से अपने नाम की। पहला और तीसरा मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। चौथे टी20 मैच में खराब विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी के कारण पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज आजम खान को काफी ट्रोलिंग का शिकार होना पड़ा। आजम ने विकेट के पीछे एक आसान सा कैच छोड़ा और फिर बल्लेबाजी के दौरान बिना खाता खोले आउट हुए। इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच खेले गए चौथे मैच के दौरान आजम खान मार्क वुड की एकी तीखी बाउसंर पर घुटने टेक दिए। वह गेंद की लाइन से खुद को अलग नहीं कर सके और गेंद उसके गस्तानों पर लगकर विकेटकीपर जोस बटलर के हाथं में समा गई। सोशल मीडिया पर आजम खान खराब फिटनेस के कारण ट्रोल हुए। पिछले कुछ समय से फिटनेस के कारण उन्हें काफी आलचनो का फिटनेस के कारण काफई ट्रोल हुए। पिछले कुच समय से फिटनेस के कारण उन्हें काफी आलोचना का सामना करना पड़ा।

# आग लगने से करोड़ों की क्षति का अनुमान

## प्रिंटिंग प्रेस और ऑटोमोबाइल शो रूम में लगी आग सुबह तक बुझाई जाती रही

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** सतना के मुख्त्यारगंज स्थित दैनिक समाचार पत्र के प्रिंटिंग प्रेस और ऑटो मोबाइल शो रूम में शुक्रवार रात भड़की आग से हड़कंप मच गया। आग ने इस कदर विकराल रूप धारण कर लिया कि आग की लपटें दूर तक दिखाई पड़ती रहीं। धुएं की धुंध और दुर्गंध भी आसपास के मोहल्लों तक फैली रही। रात भर चली कोशिश के बाद आग पर बमुश्किल काबू पाया जा सका। हालांकि दमकल वाहन सुबह भी मौके पर मौजूद रहे। इस हादसे में करोड़ों रुपए के नुकसान की आशंका जताई जा रही है।





बताया जाता है कि रात लगभग 10 बजे आग प्रेस की प्रिंटिंग यूनिट के मशीन रूम से लगे स्टोर सेक्शन से भड़की। बिजली की तार से उठी चिंगारी कुछ मिनट के अंदर ही लपटों में बदली और देखते ही देखते स्टोर में रखे कागज, प्लास्टिक के सामान और कार एसेसरीज को अपनी जद में ले लिया। इससे पहले कि प्रेस के कर्मचारी शोर मचा कर फायर सिलेंडर से आग रोकने की कोशिश कर पाते, आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

प्रेस की प्रिंटिंग मशीन, वहां रखा कागज, स्याही, प्लेट, केमिकल, बाल्टियां, फर्नीचर और स्टोर में रखी ऑटो एसेसरीज सब कुछ आग की चपेट में आ गया। सूचना मिलने पर फायर सेफ्टी अफसर आरपी परमार अपनी टीम और दमकल वाहनों के साथ मौके पर पहुंच गए और आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू कर दी गई। सीएसपी महेंद्र सिंह और टीआई शंखधर द्विवेदी भी वहां पहुंचे।


दमकल वाहनों ने प्रेस के पिछले गेट की तरफसे पानी की बौछारें मार कर आग बुझाने की कोशिश तेज की। लेकिन अंदर रखा कागज, प्लास्टिक और फर्नीचर के आग की चपेट में आ जाने के कारण आग फैलती गई। मौके पर जेसीबी भी बुलाई गई और एक तरफकी दीवार तोड़ दी गई। लेकिन इन तमाम कोशिशों के बावजूद आग ऑटो मोबाइल डिवीजन के ऑफिस तक पहुंच गई। आनन-फानन में शो रूम में खड़ी गाड़ियों को बाहर निकाला गया। शो रूम में धुआं भर गया था लिहाजा उसके भी शीशे तोड़े गए। रात लगभग साढ़े 3 बजे तक चली कोशिशों के बाद आग पर काबू कर लिया गया।

जिस परिसर में समाचार पत्र का कार्यालय और यह प्रिंटिंग यूनिट है, वहीं एक हिस्से में महिंद्रा गाड़ियों का शो रूम भी है। समाचार पत्र और स्टार ऑटोमोबाइल्स के चेयरमैन का निवास भी इसी कैम्पस में है। आग लगने और हर तरफ धुआं फैलने के बाद एहतियात तौर पर आवासीय भवन से परिवार के सदस्यों को सुरक्षित निकाल लिया गया था। हालांकि आग आवासीय परिसर तक नहीं पहुंची थी।

अखबार के दफ्तर में आग लगते ही पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आसपास के तमाम लोगों की भीड़ जमा हो गई। तमाशबीनों की भीड़ के कारण कई बार फायर सेफ्टी टीम को काम करने में कठिनाई का भी सामना करना पड़ा। पुलिस ने कई बार लोगों को खदेड़ा।

बताया जाता है कि प्रिंटिंग मशीन के पास ही लगभग एक ट्रक से अधिक अखबारी कागज, स्याही, प्लेट, अन्य मशीनें, प्लास्टिक की बाल्टियां, फर्नीचर तथा ऑटो मोबाइल्स से संबंधित पाट्र्स भी रखे थे। आग में सब कुछ जलकर नष्ट हो गया है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि आग से कितना नुकसान हुआ लेकिन अनुमान लगाया जा रहा है कि इस हादसे में करोड़ों की क्षति हुई है। हादसे का कारण प्रथम दृष्टया शार्ट सर्किट माना जा रहा है। पुलिस जांच कर रही है।

## झगड़ने से रोका तो गुंडों ने व्यापारी को पीटा, वाहन चढ़ाने की कोशिश



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** व्यापारी को गुंडों ने रोड पर घसीटते हुए पीटा। सिर - चेहरे पर लातें मारी। बाइक से कुचलने की कोशिश की। कम्प्यूटर शॉप मालिक ने शॉप के बाहर झगड़ रहे दो लड़कों को रोका था। कुछ देर बाद 6 गुंडे उनकी शॉप पर आए। कनपटी पर कट्?टा अड़ाते हुए बाहर रोड पर खींच लाए। घटना शुक्रवार शाम 6.30 बजे शहर के सिविल लाइन इलाके में ढेकहा मोहल्ले की है। सीसीटीवी फुटेज सामने आए हैं।

**कोई पुराना विवाद नहीं, झगड़ा रोका, तो धमकाते हुए भागे:** ढेकहा मोहल्ले में अभिलाष पुरवार की कम्प्यूटर शॉप है। उन्होंने बताया कि आरोपियों से उनका किसी तरह का कोई पुराना विवाद नहीं था। शुक्रवार की शाम 5 बजे दो लड़के शॉप के बाहर झगड़ रहे थे। एक-दूसरे को गालियां दे रहे थे। अभिलाष के मुताबिक, वह बाहर निकले और दोनों को समझाया कि मोहल्ले में इस तरह से लड़ाई-झगड़ा मत करो। अगर यहां झगड़ा करोगे तो पुलिस को फोन कर दूंगा। इसके बाद वे धमकाते हुए वहां से निकल गए।

**डेढ़ घंटे बाद तीन बदमाश आए, बाइक से तीन और आ गए:** अभिलाष ने बताया, 'शुक्रवार शाम 6.30 बजे मैं शॉप में बैठकर काम कर रहा था। इतने में दो बदमाश आए। उन्होंने पकड़कर मुझे दुकान से बाहर निकाला। पहले तो गालियां दीं, फिर पिस्टल निकालकर कनपटी पर लगा दी। गोली मारने की धमकी देने लगे। उनका एक साथी और आ गया। तीनों मुझे रोड पर पटककर पीटने लगे। घसीटते हुए रोड के किनारे ले गए। इतने में उनके तीन और साथी बाइक पर आए। मुझ पर बाइक चढ़ाने की कोशिश की।



### दो आरोपियों की पहचान, दोनों आदतन अपराधी

कम्प्यूटर शॉप मालिक ने शुक्रवार देर रात सिविल लाइन थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई है। मारपीट का सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को सौंपा है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। मारपीट करने वालों में से दो आरोपियों की पहचान अनिमेष साकेत निवासी ढेकहा और सचिन विश्वकर्मा निवासी बोदाबाग के रूप में की गई है। दोनों आदतन अपराधी हैं। इनके खिलाफ पहले से भी कई मामले दर्ज हैं।

## मतगणना कक्ष की गतिविधियों की सीसीटीवी कैमरे से की जायेगी निगरानी

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** लोकसभा निर्वाचन 2024 की 4 जून 2024 को होने वाली मतगणना के संबंध में संपूर्ण मतगणना प्रकिया एवं ईव्हीएम के मूवमेन्ट संबंधी गतिविधियों की निगरानी के लिये प्रत्येक मतगणना कक्ष के अंदर एवं मतगणना केन्द्र पर बाहर की ओर (परिसर में) सीसीटीवी कैमरे लगाये जायेंगे। जिससे मतगणना स्थल पर सीसीटीवी के माध्यम से मतगणना प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने सीसीटीवी फुटेज की मॉनीटरिंग के डिप्टी कलेक्टर गोविंद सोनी को नोडल एवं वरिष्ठ प्रशिक्षक सतीश पांडेय को सहायक अधिकारी नियुक्त किया है। कार्य में सहयोग के लिये सहायक ग्रेड 3 अतुल सिंह, प्रशांत प्रजापति एवं कंप्यूटर ऑपरेटर मनीष पाठक की ड्यूटी लगाई है। नियुक्त सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को मतगणना दिवस पर प्रात: 6 बजे से ड्यूटी स्थल प्राचार्य कक्ष के सामने स्थित कंट्रोल रुम में उपस्थित रहकर कार्य संपादित करने के निर्देश दिये गये हैं।

### मतगणना अभिकर्ताओं का प्रशिक्षण आज प्रात: 11 बजे से

**सतना निप्र।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये मतगणना 4 जून को की जायेगी। मतगणना कार्य के लिये अभ्यर्थी द्वारा नियुक्त अभिकर्ताओं को मतगणना कार्य का समुचित प्रशिक्षण देने 2 जून को प्रात: 11 बजे टाउन हॉल सतना में प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतगणना अभिकर्ताओं को प्रशिक्षण प्रदाय कर मतगणना प्रक्रिया एवं आयोग के दिशा-निर्देशों की जानकारी दी जायेगी।

## चित्रकूट के आश्रम में साधु का पड़ा मिला शव

### मृतक की शरीर में कीड़े पड़ गए थे, पड़ोसियों ने पुलिस को बुलाया

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** चित्रकूट के एक आश्रम में एक साधु का शव पड़ा पाए जाने से सनसनी फैल गई। शव पुराना है और सड़ चुका है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, धार्मिक नगरी चित्रकूट में हनुमान धारा मार्ग पर स्थित एक आश्रम में शनिवार को एक साधु का शव पड़ा पाया गया है। शव सड़ चुका था और उसमें कीड़े पड़ गए थे।



मृतक की शिनाख्त साधु लालदास महाराज के रूप में की गई है। लालदास आश्रम में अकेले ही रहते थे। कई दिनों से वे किसी को नजर नहीं आए थे। इस बीच शनिवार को आश्रम से बदबू आने पर पड़ोसियों को संदेह हुआ। उन्होंने इस आशंका से पुलिस को अवगत कराया।

पुलिस जब मौके पर पहुंची तो आश्रम का दरवाजा अंदर से बंद मिला। किसी तरह दरवाजा खुलवा कर पुलिस अंदर पहुंची तो वहां का नजारा देखकर उसके भी हक्का-बक्का हो गई। अंदर पड़ा साधु लालदास का शव पड़ा था। उसमें कीड़े पड़ गए थे और उससे दुर्गंध आने लगी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी है। आशंका जताई जा रही है कि साधु लालदास की मौत तीन से चार दिन पहले हो गई थी।

## टीआरएस में परीक्षा परिणाम को लेकर छोत्रों ने किया हंगामा, छात्रा हुई बेहोश



### एक विषय 140 में 120 छात्रा अनुर्तीण, पुर्नमूल्यांकन की छात्राओं ने उठाई मांग

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** ठाकुर रणमत सिंह स्वशासी महाविद्यालय में शनिवार को छात्राओं ने जमकर हंगामा मचाया। दरअसल गत दिनों एमएससी जीवविज्ञान फर्स्ट सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम आया है। इसमें पढ़ने वाली 140 छात्राओं में 120 छात्राएं अनुर्तीण हो गईं। इनमें सभी छात्राओं के अंक 1 से 3 तक कम है।

इसे लेकर छात्राएं प्राचार्य कक्ष के सामने पुर्नमूल्यांकन को लेकर प्रदर्शन करने लगीं है। इस दौरान प्राचार्य की डाट से एक छात्रा बेहोश हो गई। छात्रा के बेहोश होने के बाद हड़कंम मच गया। आनन फानन में एम्बुलेंस बुलाकर छात्रा को संजय गांधी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

इस दौरान एनएसयूआई के अध्यक्ष पकंज ने बताया कि छात्राओं के द्वारा भोज की कांपियां लिखने से इंकार करने के कारण जानबूझकर कम अंक छात्राओं को दिए गए हैं। इस संबंध में वह पुर्नमूल्यांकन की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रही थीं तो प्राचार्य के हठधर्मिता के कारण एक छात्रा बेहोश हो गई।

एनएसयूआई के अध्यक्ष ने बताया कि कॉलेज में इस भीषण गर्मी में पंखे तक नहीं चल रहे हैं। ठंडे पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। इस संबंध में प्राचार्य को अवगत कराया गया, लेकिन वह कोई कदम नहीं उठा रही है।

# घर में घुसा दिया ट्रैक्टर

## पीट-पीट कर ले ली ड्राइवर की जान, दो आरोपी गिरफ्तार



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मैहर जिले के बदेरा थाना क्षेत्र में एक ट्रैक्टर चालक की लाठी-डंडे से पीट कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि बदेरा थाना क्षेत्र के ग्राम बंधी में लवकुश पटेल पिता जमुना प्रसाद पटेल (40) की हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पकड़े गए आरोपियों में राजेश चौधरी पिता विश्वनाथ चौधरी (41) व संतू चौधरी पिता बनवीरा चौधरी (30) निवासी ग्राम बंधी थाना बदेरा शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि 29 मई की रात राजेश और संतू ने लवकुश पटेल की लाठी डंडे से बेरहमी से पिटाई की थी।

इस घटना में उसे घातक चोटें आई थीं लिहाजा उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया था। जहां 30 मई की रात लवकुश की मौत हो गई। मृतक के पिता जमुना प्रसाद पटेल ने घटना की शिकायत बदेरा थाना में दर्ज कराई थी।

उसने पुलिस को बताया था कि लवकुश ट्रैक्टर ड्राइवर था। घटना वाली रात दुर्घटनावश ट्रैक्टर आरोपी के घर मे घुस गया था जिससे एक चबूतरा क्षतिग्रस्त हो गया था। इसी बात पर आरोपियों ने लवकुश की लाठी डंडे से इस कदर पिटाई की कि उसकी मौत हो गई।

## मतों की गणना के लिए इस्तेमाल की जाने वाली हर टेबल पर होगा एक माइक्रो आब्जर्वर

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मतगणना की समूची प्रक्रिया पर निगरानी के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक गणना मेज पर एक माइक्रो आब्जर्वर को भी तैनात किया जायेगा। ये माइक्रो आब्जर्वर गणना सहायक और गणना सुपरवाईजर के अलावा होंगे। माइक्रो आब्जर्वर केन्द्र सरकार या केन्द्र सरकार के सार्वजनिक उपक्रमों का अधिकारी या कर्मचारी ही होगा। माइक्रो आब्जर्वर उस मेज की मतों की गणना की परिशुद्धता के लिए जिम्मेदार होगा, जिस मेज पर उसे तैनात किया जायेगा। निर्वाचन आयोग के मुताबिक माइक्रो आब्जर्वर के रूप में तैनात कर्मचारी ईव्हीएम द्वारा प्रदर्शित प्रत्येक दौर के गणना किये जा रहे मतों का ब्यौरा उन्हें दिये गये मुद्रित उस प्रारूप में दर्ज करेंगे, जिसमें कंट्रोल यूनिट नंबर, चक्र नंबर, मेज नंबर, मतगणना केन्द्र नंबर तथा चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के नामों का उल्लेख होगा।

निर्वाचन आयोग ने गणना मेजों के अलावा प्रत्येक गणना हॉल में दो अतिरिक्त माइक्रो आब्जर्वर को तैनात करने के निर्देश भी दिये हैं। इनमें से एक प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए दर्ज मतों के चक्रवार संकलन के लिए मतगणना हॉल में रखे गये कम्प्यूटर में डाटा एंट्री पर निगरानी रखेगा तथा यह सुनिश्चित करेगा कि सभी प्रविष्टियां डाटा एंट्री आपरेटर द्वारा सही ढंग से डाली गई हैं। जबकि दूसरा माइक्रो आब्जर्वर निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक को सहायता प्रदान करेगा तथा गणना के चक्रवार दर्ज आंकड़ों के कम्प्यूटर से लिये गये प्रिंट आउट से यह जांच करेगा कि दर्ज किये गये सभी आंकड़े सही और पूर्ण हैं। निर्वाचन आयोग के मुताबिक ऐसी प्रत्येक मेज पर भी एक माइक्रो आब्जर्वर को नियुक्त किया जाना होगा, जिस मेज का इस्तेमाल डाकमत पत्रों की गणना के लिए किया जायेगा। चूंकि माइक्रो आब्जर्वर निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकों के नियंत्रण में रहेंगे, इसलिए ये अपनी रिपोर्ट सीधे आयोग के प्रेक्षकों को ही देंगे।

## मतगणना संपन्न होने तक बंद रखे खुदाई कार्य

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में सतना संसदीय क्षेत्र के लिये मतगणना 4 जून को जिला मुख्यालय पर शासकीय व्यंकट क्रमांक-1 विद्यालय सतना में की जायेगी। मतगणना स्थल पर मीडिया कर्मियों द्वारा सूचनाओं और मतगणना परिणाम प्रसारित करने एवं अन्य मतगणना कार्यों के लिये बीएसएनएल का इंटरनेट कनेक्शन स्थापित किया जायेगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल वानखेड़े ने महाप्रबंधक बीएसएनएल सतना को मतगणना दिवस पर गणना कार्य संपन्न होने तक बीएसएनएल की लीज लाइन और फाइवर लाइन के मेंटीनेंस कार्य के लिये खुदाई का कार्य बंद रखने को कहा है।

इसके साथ ही आयुक्त नगर निगम तथा कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी, पीएचई, आरईएस को भी सतना शहर में खुदाई कार्य बंद रखने को कहा गया है। ताकि मतगणना का कार्य बाधित नहीं हो।

## अभ्यर्थी को सुरक्षा गार्ड के साथ गणना केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ऐसा कोई भी व्यक्ति जिसे केन्द्र अथवा राज्य सरकारों से सुरक्षा प्राप्त है, उम्मीदवारों का गणना एजेंट नहीं बन सकेगा। आयोग के मुताबिक किसी भी चुनाव लड़ रहे किसी भी उम्मीदवार को उसके सुरक्षा गार्ड अथवा सशस्त्र सुरक्षा गार्ड के साथ मतगणना केन्द्र में प्रवेश करने नहीं दिया जायेगा। आयोग के अनुसार सुरक्षा गार्ड प्राप्त उम्मीदवार से मतगणना केन्द्र में प्रवेश के लिए अपनी मर्जी से सुरक्षा को समर्पण करने का सहमति पत्र प्राप्त होने के बाद ही मतगणना केन्द्र में प्रवेश करने दिया जायेगा।

हालांकि निर्वाचन आयोग ने एसपीजी सुरक्षा कव्हर प्राप्त उम्मीदवार को अपने इस निर्देश से कुछ छूट प्रदान की है। आयोग के मुताबिक एसपीजी सुरक्षा प्राप्त उम्मीदवार सादे कपड़े पहने केवल एक एसपीजी सुरक्षा कर्मी के साथ काउंटिंग हॉल के भीतर प्रवेश कर सकेगा।

# निजी विद्यालय फीस व अन्य जानकारियाँ 8 जून तक पोर्टल पर अपलोड करें

## सभी कलेक्टर्स निजी विद्यालयों की अनियमितताओं को अभियान में चिन्हित करें

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** राज्य शासन द्वारा प्रदेश के सभी निजी विद्यालयों को निर्देशित किया गया है कि वे स्कूल फीस तथा अन्य विषयों की जानकारी पोर्टल पर आगामी 8 जून तक अपलोड कर दें। शासन द्वारा प्रदेश के सभी कलेक्टर्स को 30 जून तक विशेष अभियान चलाकर निजी स्कूलों में अनियमितताओं को चिन्हांकित करने के निर्देश दिये गये हैं।

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कलेक्टर्स को दिये गये निर्देशों में कहा गया है कि कतिपय विद्यालयों द्वारा फर्जी व डुप्लीकेट आईएसबीएन (इंटरनेशनल स्टैण्डर्ड बुक नंबर) पाठ्य-पुस्तकों को पाठ्यक्रम में शामिल किया जा रहा है। अभियान में अनियमितताएँ चिन्हित होने पर संबंधित प्रकाशक एवं बुक सेलर्स के विरुद्ध नियमानुरूप कार्यवाही भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। सभी कलेक्टर्स को जांच उपरांत प्रतिवेदन आयुक्त, लोक शिक्षण, म.प्र. को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं।

कलेक्टर्स को जारी दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि राज्य शासन को कतिपय निजी विद्यालयों द्वारा शासन द्वारा जारी निर्देशों का उल्लंघन कर अनियमितता बरतने की शिकायतें मिल रही हैं। कलेक्टर्स इस अधिनियम के सभी प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करायें।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में निजी विद्यालयों द्वारा फीस में वृद्धि एवं इसके संग्रहण तथा इससे जुड़े अन्य विषयों को रेगुलेट करने के लिये म.प्र. निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम-2017 बनाया गया है। इस अधिनियम के अधीन म.प्र. निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) नियम-2020 में प्रावधानित किया गया है कि राज्य सरकार निजी विद्यालयों की फीस व अन्य विषयों पर निर्णय लेकर फीस विनियमन कर सकेगी।

## मतगणना कर्मियों का द्वितीय रेण्डमाइजेशन आज

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में सतना संसदीय क्षेत्र की मतगणना 4 जून को होगी। मतगणना के लिए तैनात गणना सहायक, गणना पर्यवेक्षकों एवं माइक्रो आब्जर्वर का द्वितीय रेण्डमाइजेशन 2 जून को किया जायेगा। निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकों की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में प्रात: 10 बजे रेण्डमाइजेशन किया जायेगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल वानखेड़े ने सभी संबंधितों से रेण्डमाइजेशन में उपस्थित रहने का अनुरोध किया।

### मैहर जिले की आंगनवाड़ी 8 को संचालित नहीं होंगी

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने तापमान में अत्यधिक वृद्धि एवं लू के प्रकोप को दृष्टिगत रखते हुये जिले की समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों का संचालन 8 जून तक के लिये स्थगित कर दिया है। इस दौरान पात्रतानुसार नाश्ता एवं गर्म पका भोजन उपलब्ध नहीं कराये जाने की स्थिति में, हितग्राहियों को टेक होम राशन की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाये।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।